● वर्ष : 17 ● अंक : 133 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

दैनिक

लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 02 मार्च 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

## 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का शुभारंभ आज

● राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ,सीएम बोलीं मिलेगा आर्थिक सुरक्षा कवच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ' दिल्ली



लखपति बिटिया योजना ' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपए दिए जाएंगे।

## जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर हुआ हमला

● ओमान न्यूज एजेंसी का दावा,क्रू में भारतीय भी शामिल

**तेहरान (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में इजरायल-ईरान के बीच जारी जंग से तनाव चरम पर पहुंच गया है। अली खामेनेई की मौत से दुनियाभर के कई देशों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, ओमान ने रविवार को कहा कि स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट में एक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ, जिसमें उसमें सवार



चार नाविक घायल हो गए। इसमें सवार क्रू के सदस्य भारतीय भी थे। सरकारी ओमान न्यूज एजेंसी ने कहा कि हमला पलाऊ के झंडे वाले स्काइलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाकर किया गया। इसने क्रू के सदस्यों को भारतीय और ईरानी बताया। हालांकि, यह साफ नहीं है कि जहाज पर किसने हमला किया, लेकिन यह तब हुआ जब अधिकारियों ने कहा कि जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया है, ईरान रेडियो के जरिए स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों को धमकी दे रहा है। यह स्ट्रेट इतना महत्वपूर्ण है कि यहीं से दुनियाभर को लगभग 20 फीसदी तेल जाता है। समुद्री अधिकारियों और ईयू नेवल मिशन के एक अधिकारी के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाजों को चेतावनी दी है कि स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की इजाजत नहीं है।

# और तेज हुआ युद्ध, मिडिल-ईस्ट में भारी तनाव

**अमेरिका-इजराइल का हमला, 24 घंटे में ईरान पर 1200 बम गिराए, सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत,बेटी-दामाद और बहू-पोती भी मारी गईं**

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की





छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

## खामनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में भारी हिंसा

● खामनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में भारी हिंसा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद पाकिस्तान में स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई है। कराची में भीड़ ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया है। इसमें कमक से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। मौके से आए वीडियो में दिख रहा है कि खामेनेई की मौत और ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कराची की सड़कों पर उतर आए हैं। भीड़ ने माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी दूतावास पर हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने दूतावास के प्रवेश द्वार के पास तोड़फोड़ की और गार्ड हाउस में आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दूतावास के बाहर धुएं का गुबार देखा जा सकता है। आपको बता दें कि इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई है।

### पाकिस्तान और इराक में हिंसक प्रदर्शन

ईरान पर हमले के साथ ही अमेरिकी मिशन ने कराची सहित पूरे पाकिस्तान में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। 1 मार्च यानि आज के लिए सभी नियमित और आपातकालीन नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के समर्थन में प्रदर्शन कर रही भीड़ ने कराची में अमेरिकन कॉन्सुलेट के एंट्री गेट पर पर तोड़-फोड़ की और आग लगा दी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में कई लोग घायल हुए हैं। गोली चलने की भी जानकारी आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया है।

## अयातुल्ला आराफी ईरान के अंतरिम सुप्रीम लीडर बने

● खामेनेई की मौत के अगले दिन फैसला,ईरान बोला-अमेरिका-इजराइल से खतरनाक बदला लेंगे

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के अगले दिन आयतुल्ला अलीरेजा आराफीको अंतरिम सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 67 साल के आराफी खामेनेई के करीबी माने जाते हैं और लंबे समय से



ईरान की धार्मिक-राजनीतिक व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। आराफी असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के उपाध्यक्ष हैं, जो सुप्रीम लीडर की नियुक्ति करती है। वे गार्जियन काउंसिल के सदस्य भी रह चुके हैं और फिलहाल ईरान की सेमिनरी प्रणाली का नेतृत्व कर रहे हैं। अब स्थायी सुप्रीम लीडर का चयन असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स द्वारा किया जाएगा।

## खामेनेई की मौत पर भारत में धर्मगुरुओं का कड़ा रुख

● लखनऊ में तीन दिन शोक का ऐलान,विशेष मजलिस और कैंडल मार्च की तैयारी



**लखनऊ (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबरें सामने आने के बाद देशभर के मुस्लिम धर्मगुरुओं में गहरा शोक और आक्रोश देखा जा रहा है। सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के बाद भारत में भी प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। लखनऊ समेत कई शहरों में धार्मिक नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवता के खिलाफ बताया है। धर्मगुरुओं ने रमजान के पवित्र महीने में हुए इस कथित हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उनका कहना है कि यदि यह खबर सत्य है, तो यह केवल ईरान ही नहीं बल्कि पूरी उम्मत और इंसानियत के लिए गहरा आघात है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने खामेनेई की शहादत की खबर पर तीन दिन के शोक का ऐलान किया है। उन्होंने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत पसंद लोगों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर शोक व्यक्त करें। उन्होंने घोषणा की कि रात 8 बजे छोटा इमामबाड़ा में एक विशेष शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

## महाराष्ट्र के नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

**मटेरियल बनाते वक्त धमाका हुआ,छाई दहशत**

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है।



### पीएम ने जताया शोक मदद का ऐलान

वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की। नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है। यह कंपनी खनन परियोजनाओं के लिए विस्फोटक, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक बनाती है। रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

### सीएम फड़णवीस ने दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नागपुर जिले के राउलगांव में विस्फोटक कारखाने में हुआ विस्फोट अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। मैं स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं। राहत कार्य तेज कर दिया गया है और अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मैं मृतकों को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं।

● पुडुचेरी में कहा-कांग्रेस-डीएमके ने विकास में बाधा डाली, अब ये फिर सत्ता के लिए भूखी

## पीएम ने मदुरै में 4,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

**चेन्नई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के मदुरै पहुंचे। यहां उन्होंने 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। चेन्नई बीच चेन्नई एग्मोर चौथी लाइन देश को समर्पित की। इसके बाद एनएच-332ए के मरक्कनम-पुडुचेरी



सेक्शन और एनएच-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन की फोर-लेनिंग की आधारशिला रखी। पीएम कुंभकोणम, येरकॉड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन भी किया। इसके बाद मोदी सभा को संबोधित किया। इसके पहले मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपए से ज्यादा के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

### हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के विकास सफर में एक गौरवशाली अध्याय का प्रतीक है। हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उनका उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। ये परियोजनाएं संपर्क व्यवस्था में बदलाव लाएंगी, अर्थव्यवस्था को गति देंगी, रोजगार सृजित करेंगी और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने हमेशा विकास में बाधा ही डाली है। यह दोनों पार्टियां फिर से सत्ता की भूखी हैं। आपको इनसे सतर्क रहना है।

### कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था

कांग्रेस-डीएमके शासनकाल में राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों की बदहाली छाई रही। राशन की दुकानों में चावल नहीं मिलते थे, वेतन में देरी होती थी, सड़कों पर गुंडे और ड्रग माफिया का राज था। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची सामने आ रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी इसी तरह के घोटालों की लंबी सूची देखने को मिल रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं।

## शोक-संदेश / श्रद्धांजलि

दैनिक लोकतंत्र की शान के समस्त पाठकगण की ओर से तथा संपादक-प्रकाशक Syed Zaki Haider की ओर से हम ईरान के सर्वोच्च नेता Ali Khamenei के प्रति गहरी संवेदना और श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं। उनका जीवन धर्म, राष्ट्र और सिद्धांतों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने नेतृत्व, विचारों और मार्गदर्शन से विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित किया। उनके योगदान और संघर्षों को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस शोक की घड़ी में हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके अनुयायियों एवं परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें।

**इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन।**









## ख़ास ख़बर

### मंडोली जेल में संदिग्ध हालात में कैदी की मौत, मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार स्थित मंडोली जेल से लाए गए एक विचाराधीन कैदी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आजाद (35) के रूप में हुई है, जो किसी मामले में विचाराधीन बंदी (यूटीपी) के तौर पर जेल में बंद था। पुलिस के अनुसार, रविवार को थाना हर्ष विहार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल से सूचना मिली कि मंडोली जेल से अचेत अवस्था में लाए गए कैदी आजाद को डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, बंदी को अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन द्वारा अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम जांच के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है। मामले में दंड प्रक्रिया के तहत धारा 196 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मजिस्ट्रेटी जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पेट्रोल पंप मैनेजर के रूम से नकदी चोरी में एक युवक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। द्वारका इलाके में पेट्रोल पंप के मैनेजर रूम में घुसकर 15 हजार की नकदी तथा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन रसीदें चुराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान तनिष्क मल्होत्रा उर्फ नोनी (28) के रूप में हुई है। आरोपित ने दोस्त के साथ अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के बहाने पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस कर वारदात को अंजाम दिया। उसके कब्जे से 1650 रुपये और ट्रांजैक्शन रसीदें बरामद की गई हैं। वारदात में शामिल आरोपित के दोस्त की तलाश की जा रही है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को द्वारका सेक्टर 1 स्थित पेट्रोल पंप से नकदी तथा पेमेंट ट्रांजैक्शन रसीदें चोरी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। द्वारका साउथ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पेट्रोल पंप मैनेजर ने बताया कि दो लोग उनके पेट्रोल पंप पर गाड़ी में पेट्रोल भरवाने आए थे। पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस कर उसका ध्यान भटकाकर एक व्यक्ति उनके रूम में गया। उस वक्त मैनेजर रूम में नहीं थे। मौका देखकर उस व्यक्ति ने वहां से नकदी और ट्रांजैक्शन रसीदें चुरा ली। दोनों व्यक्ति इसके बाद गाड़ी में बिना पेट्रोल भरवाए ही भाग निकले। द्वारका साउथ थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इसके बाद एक खास सूचना पर जनकपुरी इलाके से तनिष्क मल्होत्रा उर्फ नोनी को पकड़ लिया गया। आरोपित ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ गाड़ी में पेट्रोल भरवाने गया था। वह 40 रुपये का पेट्रोल अपनी गाड़ी में डलवाना चाहता था। इस बात पर उसकी पेट्रोल पंप कर्मचारी से बहस हो गई। वह मैनेजर से मिलने गए लेकिन वहां मैनेजर नहीं था। वहां उन्होंने नकदी व ट्रांजैक्शन रसीद का बंडल देखकर उन्हें उठा लिया और मौके से भाग गए। पुलिस अब उसके दोस्त की तलाश कर रही है।

### फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में एशियाई खेल 2026 पर निशाना, अनीश भानवाला और तनिक्षा खत्री ने की सराहना

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। देशभर में आयोजित फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल के 63वें संस्करण में भारतीय खिलाड़ियों ने सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने की पहल की जमकर सराहना की। प्रमुख निशानेबाज अनीश भानवाला और अंतरराष्ट्रीय फेंसर तनिक्षा खत्री ने 2026 एशियाई खेलों में पदक जीतने का लक्ष्य दोहराते हुए इस अभियान को जनआंदोलन बताया। राष्ट्रीय राजधानी स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में जुम्बा, योग और रोप स्किपिंग जैसी गतिविधियों के साथ हजार से अधिक लोगों ने भागीदारी की। यह आयोजन गृह मंत्रालय के अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग के सहयोग से देशभर के 1000 स्थानों पर किया गया। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे अनीश भानवाला ने कहा कि लगातार 63 सप्ताह तक इस अभियान का आयोजन करना सराहनीय है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भानवाला ने कहा कि एशियाई खेल 2026 उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन का रास्ता भी खोलते हैं। वहीं, हरियाणा के करनाल की 23 वर्षीय तनिक्षा खत्री ने कहा कि जून में भारत में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप उन्हें घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अवसर देगी और फेंसिंग को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि हांगझोउ एशियाई खेलों में वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं और इस बार पदक जीतने का लक्ष्य है। विशाखापत्तनम में आरके बीच पर 800 से अधिक साइकिल चालकों और फिटनेस प्रेमियों ने भाग लेकर आयोजन को उत्सव का रूप दिया। यह कार्यक्रम तीन दिवसीय फिट इंडिया कार्निवल 2026 की शुरुआत का मंच भी बना, जिसमें फिटनेस कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीमिनी रवि नायडू, विधायक पी.जी.वी.आर. नायडू (गनबाबू) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ओलंपियन और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता जिन्सन जॉनसन ने भी भारतीय एथलीटों के प्रति आशावाद जताया और कहा कि 2026 एशियाई खेलों के लिए देश के मिडिल डिस्टेंस धावक बेहतर तैयारी कर रहे हैं। दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा शुरू किया गया यह अभियान अब तक 25 लाख से अधिक नागरिकों को 2.5 लाख से ज्यादा स्थानों पर जोड़ चुका है। खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित यह पहल साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, मल्लखंब संघ, इंडियन रोप स्किपिंग फेडरेशन और योगासन भारत जैसे संगठनों के सहयोग से संचालित की जा रही है।

### पुलिस ने 11 राज्यों में छापेमारी कर 1.5 करोड़ से अधिक की ठगी में शामिल 27 साइबर अपराधी दबोचे

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सप्ताह भर चले देशव्यापी अभियान में 27 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 10 बड़े साइबर ठगी के मामलों का खुलासा हुआ है, जिनमें डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी सामने आई है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से जुड़े बैंक खातों में करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन की पहचान की गई है। प्रारंभिक जांच में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) की लगभग 150 शिकायतें इन आरोपितों से जुड़ी पाई गई हैं।

**11 राज्यों में एक साथ दबिश**:पुलिस उपायुक्त के अनुसार कार्रवाई का नेतृत्व साइबर थाने के इंस्पेक्टर विकास कुमार बुलडक ने किया। छापेमारी जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उप्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों में की गई। पुलिस ने संगठित गिरोहों को निशाना बनाया जो निवेश के नाम पर ठगी, नकली एपीके फाइल भेजकर बैंकिंग जानकारी हासिल करना, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर पहचान बनाकर धोखाधड़ी, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, टास्क आधारित ठगी और वीजा आधारित ठगी जैसे अपराधों में शामिल थे।

**ऐसे करते थे ठगी**:जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को झांसे में लेते थे। निवेश पर भारी मुनाफे का लालच, बैंक अधिकारी बनकर कॉल, फर्जी लिंक व एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक करना और ऑनलाइन टास्क के नाम पर रकम ऐंठना इनके मुख्य तरीके थे।

**यह सामान हुआ बरामद**:पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड, एक पीओएस मशीन, एक मोटरसाइकिल और बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज व किट बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार वीजा आधारित ठगी (करीब 15 लाख रुपये), टास्क आधारित ठगी (4.67 लाख रुपये) और निवेश से जुड़ी कई ठगी के मामलों (12.35 लाख, 33.26 लाख, 19.5 लाख, 6.5 लाख रुपये आदि) का खुलासा हुआ है।

# हर रीडिंग रूम और हर कंप्यूटर सेंटर 'विकसित भारत' की ओर एक सशक्त कदम : विजेंद्र गुप्ता

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा कोई सुविधा नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता है। डिजिटल युग में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना नहीं, बल्कि डिजिटल साक्षरता भी है। यह बात उन्होंने नांगलोई स्थित रघुनाथ धर्मशाला में सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सावित्री देवी गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन एवं रीडिंग रूम के उद्घाटन अवसर पर कही। यह पहल विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा तथा अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत



प्रचारक विशाल भी उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षा, सामाजिक उत्थान और डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक संकल्प को रेखांकित किया। सभा को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना केवल किसी भवन या कक्ष का उद्घाटन भर नहीं है, बल्कि उन प्रतिभाशाली युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने जैसा है जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। उन्होंने सेवा भारती और गोयल परिवार द्वारा स्थापित किए गए कंप्यूटरों तथा विद्यार्थियों के लिए समर्पित रीडिंग रूम की व्यवस्था की सराहना की, जो स्थानीय युवाओं की शैक्षिक आकांक्षाओं को नई दिशा देगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विशाल ने सेवा भारती के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभान्वित करेगा जो महंगी शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अत्यंत नाममात्र शुल्क पर कंप्यूटर शिक्षा और अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध होने से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नए अवसर मिलेंगे तथा वे आवश्यक डिजिटल कौशल प्राप्त कर अपने शैक्षिक और व्यावसायिक लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना नहीं रह गया है, बल्कि डिजिटल ज्ञान भी उतना ही आवश्यक हो गया है। आज लगभग हर पेशे और सरकारी सेवा में कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान अनिवार्य हो चुका है। ऐसे में समुदाय के बीच नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध यह सुविधा उन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी जो महंगे प्रशिक्षण संस्थानों का खर्च वहन नहीं कर सकते। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत एक डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है, जैसे कभी औद्योगिक क्रांति ने विश्व को बदला था। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण भारत वैश्विक तकनीकी प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के लिए शांत वातावरण प्राप्त करना हमेशा आसान नहीं होता था। उन्होंने बताया कि दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के समीप स्थित रतन टाटा लाइब्रेरी में उन्हें एकाग्रता और अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलता था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रीडिंग रूम प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईएएस, आईपीएस और अन्य सेवाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं और यह नया रीडिंग रूम भी अनेक युवाओं के सपनों को साकार करने में सहायक बनेगा। अध्यक्ष ने सेवा भारती द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों की भी सराहना की, विशेषकर कोविड –19 के दौरान संगठन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में स्वयंसेवकों ने महीनों तक जरूरतमंद लोगों तक राशन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सहायता पहुंचाई। उन्होंने कहा कि यह सेवा भावना समाज को मजबूत बनाने की सच्ची प्रेरणा है।

## जमाअत के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया, अमेरिका-इज़राइल द्वारा उनकी हत्या की कड़ी निंदा की

लोकतंत्र की शान, संवाददाता सना खान

**नई दिल्ली**। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। जमाअत के अध्यक्ष ने तेहरान में हाल ही में हुए अमेरिका और इज़राइली मिलिट्री हमलों के दौरान उनकी टारगेटेड हत्या की भी कड़ी निंदा की। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत के अध्यक्ष ने कहा, "हम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के सुप्रीम लीडर, अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त करते हैं। हम ईरान के लोगों के घोषित राष्ट्रीय शोक के समय



के दौरान उनके साथ एकजुटता दिखाते हैं और दुखी परिजनों जिसमें उनकी बेटी और शहीद हुए दूसरे रिश्तेदार भी शामिल हैं के लिए धैर्य और धैर्य की दुआ करते हैं।" अयातुल्लाह अली खामेनेई आज की मुस्लिम दुनिया में एक महान हस्ती थे जिनकी लीडरशिप ने तीन दशकों से ज़्यादा समय तक ईरान की राजनीतिक और वैचारिक दिशा को बनाया। अयातुल्लाह इमाम रूहुल्लाह खुमैनी के निधन के बाद 1989 में सुप्रीम लीडर का पद संभालने के बाद से वे मज़बूती, आज़ादी और विदेशी दबदबे के विरोध की निशानी के तौर पर खड़े रहे। उनकी ज़िंदगी अपने देश की संप्रभुता की रक्षा करने और ईरान की इस्लामिक क्रांति के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता दिखाती है। रमज़ान के पवित्र महीने में अमेरिका-इज़राइली सैन्य हमले में उनकी शहादत ने मुस्लिम दुनिया भर में लाखों लोगों को बहुत दुखी किया है।

## ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन ने मनाई 25वीं वर्षगांठ




लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**: ऑल इंडिया कार डीलर्स एसोसिएशन (AICDA) ने पीतमपुरा स्थित जलसा बाय कोहली टेंट्स में अपना 25 वाँ रजत जयंती वार्षिक उत्सव आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. नायोल ने संगठन की 25 वर्षों की उपलब्धियों और डीलरों के हितों की रक्षा में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला।दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष लोकेश मुंजाल ने भविष्य की योजनाओं पर जोर दिया।वरिष्ठ सदस्यों व पत्रकारों को सम्मानित किया गया।इस अवसर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक भोज के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## विनोद तकियावाला को निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए हुए सम्मानित होली स्नेह मिलन व भव्य सम्मान समारोह सम्पन् संवाददाता

लोकतंत्र की शान

**दिल्ली**: अखिल भारतीय राजपूत विकास समिति (पंजी.),केशवपुरम,दिल्ली के सौजन्य से आयोजित होली स्नेह मंगल मिलन एवं भव्य सम्मान समारोह रंगों,संस्कृति और सामाजिक सरोकारों की गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार विनोद तकियावाला को पत्रकारिता जगत में तीन दशकों की उल्लेखनीय, निष्पक्ष और जनोन्मुखी सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों, साहित्यकारों,सामाजिक कार्य कर्ताओं और पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशिष्ट बना दिया। समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह "सोम",सचिव मुलचंद तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विनोद तकियावाला को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा प्रेम और आस्था के प्रतीक राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर संस्था के वरिष्ट आधिकारीयो व वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि तकियावाला ने तीन दशकों तक अपनी स्वतंत्र,निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए समाज व राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने स्वतंत्र



लेखन के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया और पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। उनके स्तम्भों और लेखों ने जनमत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने वातावरण को पूर्णतः होलीमय बना दिया। हिन्दी अकादमी दिल्ली के कलाकारों ने "आज ब्रज में होली रे रसिया",ब्रज की लठमार होली तथा कृष्ण-राधारानी संग होली के मंगलगीतों पर आधारित मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।लोकधुनों,रंगों और उत्साह से सराबोर प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजा यमान कर दिया।समारोह के दौरान आपसी सौहार्द,भाईचारे और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दी।उपस्थित जनसमूह ने एक-दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम में संस्था के सक्रिय सदस्यों एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में अध्यक्ष राधेश्याम सिंह "सोम" ने समारोह में पधारें सभी अतिथियों, पत्रकारों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।उन्होंने उपस्थित सभी जनों को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।रंगों, संगीत और सम्मान की गरिमामयी छटा के साथ यह समारोह यादगार बन गया।

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर आरसीओ पोर्टल का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत की अग्रणी संस्था ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रविवार को अपने 25वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। इस दौरान बीईई 25 लोगो का अनावरण, बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ किया। विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक कहावत, "इलाज से बेहतर रोकथाम है," का स्मरण करते हुए कहा कि बीईई विद्युत क्षेत्र के लिए एक निवारक संस्था के रूप में कार्य करता है। आज बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की आवश्यकता को कम करने और उत्सर्जन को घटाने में सीधे तौर पर योगदान देती है। ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने देश में ऊर्जा दक्षता पहलों को आगे बढ़ाने में बीईई के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी की है और 2030 के लक्ष्य से पहले ही 52 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित क्षमता हासिल कर ली है। मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा खपत दायित्व (आरसीओ) प्रदर्शन उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (सीसीटीएस) में संक्रमण कॉर्पोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई) एमएसएमई के लिए एडीईटीआई योजना मानक और




लेबलिंग (एस एंड एल) कार्यक्रम ऊर्जा संरक्षण और सतत भवन संहिता (ईसीएसबीसी) और परिवहन क्षेत्र दक्षता उपायों सहित प्रमुख बीईई पहलों के तहत प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने बढ़ती मांग गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के विस्तार और बढ़ते डिजिटलीकरण से चिह्नित भारत के ऊर्जा परिदृश्य के बदलते स्वरूपों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने ऊर्जा दक्षता को भारत का "प्रथम ईंधन" ऊर्जा सुरक्षा वहनीयता और स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करने का एक प्रमुख साधन बताया। 25वें स्थापना दिवस समारोह ने सतत विकास राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के चालक के रूप में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करने के लिए बीईई के निरंतर संकल्प की पुष्टि की । इस मौके पर केंद्रीय मंत्रालयों राज्य सरकारों राज्य नामित एजेंसियों (एसडीए) और सहयोगी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा प्रारंभ की

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने पात्र विनिर्माता आयातकों के लिए विलंबित सीमा शुल्क भुगतान सुविधा की शुरुआत की है। ये सुविधा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसार की गई है। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि सीबीआईसी ने इस संबंध में दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को परिपत्र संख्या 08/2026-सीमा शुल्क के जरिए विस्तृत पात्रता शर्तें, आवेदन की प्रक्रिया और परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सीबीआईसी ने पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) नामक आयातकों की एक नई श्रेणी को विलंबित सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा प्रदान की है। मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसरण में इस पहल के तहत पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) को माल की निकासी के समय सीमा शुल्क का भुगतान किए बिना आयातित माल की निकासी की सुविधा भी मिलेगी। इसके तहत लागू शुल्क का भुगतान आयात शुल्क विलंबित भुगतान नियम, 2016 के तहत मासिक आधार पर किया जा सकता है। इससे निर्माताओं को नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का बेहतर प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक ये सुविधा 01 अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी। विलंबित भुगतान की सुविधा उन ईएमआई के लिए भी उपलब्ध होगी, जो सीमा शुल्क, जीएसटी अनुपालन, व्यवसाय, वित्तीय स्थिति और पिछले रिकॉर्ड से संबंधित निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं। पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले मौजूदा एमएसएमई सहित एईओ-टी1 संस्थाएं भी इसमें भाग लेने के लिए पात्र हैं। ईएमआई योजना के तहत आवेदन 01 मार्च, 2026 से एईओ पोर्टल www.aeoindia.gov.in पर ''पात्र विनिर्माता आयातक'' टैब के तहत ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। इस सुधार से व्यापार करने में सुगमता में उल्लेखनीय सुधार होने अनुपालन संस्कृति को बढ़ावा मिलने, एईओ कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी को बढ़ावा मिलने और घरेलू विनिर्माण को गति मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह भारत के विनिर्माण-आधारित और निर्यात-उन्मुख विकास को समर्थन देने के लिए एक पूर्वानुमान योग्य, कुशल और सुगम सीमा शुल्क वातावरण बनाने के प्रति सीबीआईसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ईएमआई योजना एक विश्वास-आधारित सुविधा उपाय के रूप में तैयार की गई है, जो अनुपालन करने वाले विनिर्माताओं को सरल प्रक्रियाओं से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें इसके अधिक अनुपालन के लिए प्रेरित करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने डीजे संचालकों को सीमित आवाज में डीजे बजाने के दिए दिशा निर्देश



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** रविवार को कोतवाली परिसर में होली के त्यौहार के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखना के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने क्षेत्र के चौकीदारों को बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने बैठक में क्षेत्र के डीजे संचालकों को भी बुलाया और उन्हें सख्त दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मानक के अनुसार ही डी जे बजाया जाए तथा कोई भी उत्तेजक गाना ना बजाए, उन्होंने कहा कि डीजे केवल सीमित और निर्धारित ध्वनि में ही बजाया जाए नियमों का उल्लंघन करने पर और तेज आवाज में डीजे बजाने पर जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है शिकायत मिलने पर ऐसे डीजे संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, वही प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखें और कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार, चौकीदार रामावतार, राजवीर, दुर्योधन, अरविंद सिंह, राकेश, सुनील, शेर सिंह, प्रेमपाल तथा डीजे संचालकों में कौशल चौहान, सतवीर, उपेंद्र सिंह, अर्जुन, नेपाल, दिनेश, राजू राणा और राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जराइल में यूपी के 6 हजार से ज्यादा श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित, योगी सरकार सतर्क मोड में

**लोक तंत्र की शान : लखनऊ।** मध्य एशिया में मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी (पीआईबीए) के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं।

**दूतावास से सीधा संपर्क, स्थिति नियंत्रण में**-तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा परामर्श के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इजराइल में भारत के राजदूत जे.पी. सिंह से फोन पर वार्ता की। राजदूत ने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण में है और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के संपर्क में है। प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी आश्वस्त किया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**-श्रम, सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों और उनके परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विभाग राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और भारतीय दूतावास के साथ निरंतर संपर्क में है, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निदेशक, सेवायोजन नेहा प्रकाश और अपर निदेशक पी.के. पुंडीर ने भी एनएसडीसी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

**24x7 हेल्पलाइन नंबर जारी**-भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैंः +972-54-7520711, +972-54-2428378। इसके साथ ही पीआईबीए ने भी हेल्पलाइन नंबर 1-700-707-889 जारी किया है, जिसका संचालन सेंटर फॉर इंटरनेशनल माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन द्वारा किया जा रहा है।

### सीकरी बुजुर्ग में पिंजरे में फंसा चार वर्षीय गुलदार

**लोक तंत्र की शान : बिजनौर** : जनपद के नहटौर क्षेत्र में कई दिनों से दहशत का कारण बना गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। रविवार सुबह जैसे ही इसकी सूचना फैली, गांव सीकरी बुजुर्ग में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के गांव सीकरी बुजुर्ग के पास स्थित एक आम के बाग में गुलदार की लगातार आवाजाही की सूचना मिल रही थी। ग्रामीणों ने पशुओं पर हमले की आशंका जताते हुए वन विभाग को सूचित किया था। इसके बाद विभाग ने एहतियातन बाग में पिंजरा लगाया था। बीती रात शिकार की तलाश में घूमते समय लगभग चार वर्ष का गुलदार पिंजरे में फंस गया। रविवार सुबह पिंजरे में कैद गुलदार को देखने के लिए सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वन कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों ने वन विभाग की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से गांव में भय का माहौल था, जो अब कुछ हद तक कम हुआ है। वन डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार पूरी तरह स्वस्थ है। प्राथमिक जांच में उसकी उम्र करीब चार वर्ष आंकी गई है। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उसे संभागीय वन कार्यालय ले जाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच विभाग अलर्ट मोड में नजर आ रहा है।

# संभल (सिरसी) में ग़म और रोष का माहौल एहतिजाजी जुलूस और जलसे आयोजित

**लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**

**संभल जनपद** : संभल जनपद के कस्बा सिरसी में अमेरिका–इज़राइल के संयुक्त हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामेनेई"की शहादत की खबर सामने आने के बाद शिया समाज में गहरा ग़म और रोष व्याप्त है। खबर मिलते ही सिरसी में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और पूरे कस्बे में शोक का माहौल बन गया। मोहल्ला शर्की स्थित इमामबारगाह सादात से एक एहतिजाजी जुलूस निकाला गया, जो कस्बे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ पुनः इमामबारगाह सादात पर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल लोगों ने काले कपड़े पहनकर और नारेबाजी करते हुए अपने ग़म और विरोध का इज़हार किया। इस दौरान कस्बे के बाज़ार स्वेच्छा से बंद रहे। कस्बे के सभी इमामबारगाहों में मजालिस का सिलसिला जारी रहा। देर शाम





इमामबारगाह कलां ग़र्बी, सिरसी में एक एहतिजाजी जलसा आयोजित किया गया, जिसके बाद एक और जुलूस निकाला गया। इन कार्यक्रमों में हजारों की तादाद में शिया समाज के लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद हसीन अख़्तर ज़ैदी, मुंतज़िम मुतवल्ली चौधरी सैयद फैज़ान अली नक़वी, मौलाना इकरार रज़ा, मौलाना क़ाज़ी मोहम्मद नाज़िम, मौलाना मीसम अब्बास, मौलाना हुसैन रज़ा, मौलाना शमीम हैदर, मौलाना हुसैन और मौलाना हैदर अब्बास सहित कस्बे के उलेमा-ए-किराम मौजूद रहे। उलेमाओं ने अपने संबोधन में अमेरिका और इज़राइल के इस हमले को आतंकी कार्रवाई बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का हमला कायरता का प्रतीक है और इससे दुनिया में अमन-ओ-अमान को गंभीर खतरा पैदा हुआ है। वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस घटना का संज्ञान लेने और न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ और अंत में मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ की गई

## औद्योगिक गलियारों के लिए अधिकृत होने वाली जमीन का किसानों ने किया विरोध



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** रविवार को भारतीय किसान यूनियन (बी आर अंबेडकर) ने क्षेत्र के मंगरोला गांव में एक किसान पंचायत का आयोजन किया जिसमें किसानों ने औद्योगिक गलियारों के लिए प्रस्तावित जमीन अधिग्रहण का विरोध जताया, पंचायत में किसानों ने अपनी उपजाऊ जमीन सरकार को किसी भी कीमत पर नहीं देने की घोषणा की किसानों का कहना है कि सरकार ने पहले भी धोखे से उनकी जमीन ले ली थी जिसे अब वह वापस लेने की मांग कर रहे हैं, वहीं भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को लेकर 9 मार्च 2026 को हजारों की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा, बैठक में किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया और सरकार ने औद्योगिक गलियारों के लिए अधिग्रहण की जाने वाली जमीन का प्रस्ताव वापस नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा, बैठक में मलखान सिंह, जगत सिंह, तिरका सिंह, भानु सिंह, हिमांशु, राजपाल सिंह गुर्जर, अमरजीत, सोनू गुर्जर, सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम में किया पूजन-अर्चन

**लोक तंत्र की शान**

**वाराणसी :** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ व काशी कोतवाल काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। जापान व सिंगापुर से लौटने के बाद मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर रविवार को काशी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर व आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से भी संवाद किया और उन्हें चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। दौरे के पहले ही दिन उन्होंने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर दर्शन-आरती की। यहां मंदिर परिसर में बच्चों को चॉकलेट दिया। फिर बाहर निकले तो आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से संवाद किया। आसपास के लोगों ने मुख्यमंत्री को तथा मुख्यमंत्री ने आसपास के लोगों को होली की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम भी पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोक मंगल और जनकल्याण की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया। सीएम ने यहां बाबा की आरती व विधिविधान से पूजा भी की। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलते समय



श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री के दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने "हर-हर महादेव" के जयकारे लगाए।

## संभल के हजरत नगर गढ़ी थाने में होली–ईद को लेकर शांति बैठक संपन्न

**लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी**

**संभल/सिरसी** आगामी होली और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना हजरत नगर गढ़ी में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार एवं थाना प्रभारी सुधीर पवार द्वारा की गई। बैठक में थाना क्षेत्र से आए गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समाज के जिम्मेदार लोगों से विस्तृत वार्ता की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी तथा सभी लोग पूर्व निर्धारित परंपराओं के अनुसार ही शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी सुधीर पवार ने लोगों से अपील की कि होली के अवसर पर रासायनिक (केमिकल) रंगों से परहेज करें तथा त्योहार को प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए मनाएं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें और कानून व्यवस्था का पालन करें। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। स्थानीय नागरिकों ने अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार एवं थाना प्रभारी सुधीर पवार की सक्रियता, सजगता और जनसंवाद की पहल की सराहना की। क्षेत्र में शांति, सौहार्द और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन की यह पहल बेहद सराहनीय मानी जा रही है।

## अग्रवाल सभा द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जमकर उड़ा अबीर, गुलाल

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** रविवार को अग्रवाल सभा हसनपुर संबद्ध (अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा,हरियाणा) के द्वारा अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया, कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के सैकड़ो लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य, फूलों की होली, राधा कृष्ण का नृत्य आदि पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई, कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ शिव चरन दास एवं अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व अन्य लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर शिवचरण दास जी ने कहा कि होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता






लाना व आपस के मतभेद बुलाकर हर त्यौहार को मानना है, अग्रवाल सभा के महामंत्री मुकेश गोयल ने कहा कि अग्रवाल सभा हसनपुर द्वारा प्रथम बार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें आए सभी अग्र बंधुओ का आभार व्यक्त करता हूं, वही अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने सभी को होली की बधाई दी एवं रंग गुलाल लगाकर सभी के साथ होली मनाई इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज गोयल, अंकुर अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष तरुण अग्रवाल एवं महामंत्री अक्षय अग्रवाल (नमन) तथा महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष, महामंत्री आदि सहित भारी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे, कार्यक्रम के बीच-बीच में जलपान भी कराया गया एवं अंत में सभी को आपसी मतभेद भूलाकर भाईचारे के साथ होली सहित सभी त्योहार मनाने की अपील करते हुए कार्यक्रम का समापन हो गया।

## ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई सहित ईरान में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुरः** रविवार को हसनपुर में ईरान में इसराइली हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई सहित ईरान में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया, कैंडल मार्च नगर की संभल बस स्टैंड के पास स्थित मुस्तफा कॉलोनी से निकल गया जो संभल चौराहे पर जाकर संपन्न हुआ, इस बीच कैंडल मार्च निकलते हुए लोगों के हाथ में ईरानी सुप्रीम लीडर की फोटो भी थी, कैंडल मार्च अहलोबैंतों अलहेमुस्सलाम ट्रस्ट की जानिब से आयोजित किया गया, जिसमें मौलाना गुलाम अली रिजवी साहब ने अपने बयानों से सब को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खमेनेई के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी, इसके बाद केंडल मार्च निकला और खिराजे अकीदत पेश की, इस मौके पर चमन राजा जैदी,अकरम मिस्त्री , फिरोज खान , दानिश जावेद , मोहम्मद रिजवान ,अब्बास , जावेद ,जुबैर , यूनुस, अमन ,शरीक फसल जावेद मौजूद रहे।

# 2 से 4 मार्च तक समस्त ग्राम पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान

**लोक तंत्र की शान**

**लखनऊ।** प्रदेश में होली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत 2 से 4 मार्च तक पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान चलेगा। सीएम योगी ने अफसरों को त्योहार को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत सभी डीएम और सीडीओ मॉनिटरिंग करेंगे।

**सफाई के साथ फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव भी**-इस अभियान के तहत ग्रामीण इलाकों में कार्यक्रम स्थलों, घाटों, तालाबों, अमृत सरोवरों और स्नान स्थलों की




सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और अपशिष्ट निस्तारण जैसे कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि होलिकोत्सव से पहले और बाद दोनों अवधि में कार्यक्रम स्थलों पर विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए।

**जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की जाएगी सुनिश्चित**-पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा है कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत सभी अपशिष्ट पदार्थों का समुचित निपटान किया जाए। ग्राम पंचायतों में निर्मित रूरल रिसोर्स सेंटर पर समस्त कचरा एकत्र किया जाए। जलभराव वाले स्थलों की पहचान कर स्थायी उपायों के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सके।

**स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई जिम्मेदारी**-सभी जिला पंचायतीराज अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा नदी-तालाबों या सरोवरों के घाटों की मरम्मत, रंगाई-पुताई और सुरक्षा इंतजाम की जिम्मेदारी भी स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है। इस पूरे अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

# लंबे इंतजार के बाद महिला कॉलेज निर्माण पर फिर उम्मीद जगी

**लोक तंत्र की शान, (खिज़र अहमद)**

**नजीबाबादः** नगर में स्वीकृत राजकीय महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। अब इस मामले में शासन स्तर पर हलचल तेज हो गई है। तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो निर्माण कार्य का आकलन कर अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेगी। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को शिकायत भेजकर अवगत कराया था कि केंद्रीय वित्त पोषित मल्टी सेक्टोरल योजना के तहत नगरपालिका क्षेत्र में राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज को मंजूरी मिली थी, लेकिन भवन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। कभी बजट की कमी तो कभी विभागीय





उदासीनता के कारण निर्माण कार्य लगातार प्रभावित होता रहा। उन्होंने संबंधित विभाग से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की थी। इस पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिजनौर में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद साजिद ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, बिजनौर के माध्यम से लिखित सूचना देते हुए बताया कि जुलाई 2025 में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में परियोजना को "वर्क डन और वर्क टू बी डन" के आधार पर प्रशासनिक विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आदेश संख्या 541 के तहत तीन सदस्यीय समिति का गठन कर निर्माण कार्य का विस्तृत आकलन कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजे जाने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अब स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि समिति की रिपोर्ट के बाद वर्षों से अधूरा पड़ा यह निर्माण कार्य जल्द पूरा हो

## संक्षिप्त समाचार

### पटना जू में बर्ड्स की 24 घंटे मॉनिटरिंग, बर्ड फ्लू को लेकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**पटना।** पटना जू बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अलर्ट मोड में आ गया है। पटना जू में कई एहतियात बरते जा रहे हैं। मोर और अन्य पक्षियों के केज के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। पक्षियों की देखभाल करने वाले सभी कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराया गया है। बाड़ों से बाहर निकलने के बाद कर्मियों को खुद को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। मेन गेट पर पोटाशियम परमैगनेट से फूट वॉश अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि संक्रमण अंदर न आ सके। पक्षियों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी हो रही है। जानवरों के खान-पान में भी बदलाव किया गया है। एवियरी सेक्शन में मांसाहारी पक्षियों को अब चूजों की जगह चूहे दिए जा रहे हैं। वहीं, जानवरों की खुराक से चिकन को हटाकर वैकल्पिक आहार शामिल किया गया है। पटना जू प्रशासन का कहना है कि पशु-पक्षियों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। 2018 में 6 मोरों की मौत के बाद H5NA वायरस की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद जू को करीब 20 दिनों तक बंद रखना पड़ा था। इसे लेकर ऐहतियात बरते जा रहे हैं। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। 7 मार्च तक दर्शकों के लिए पटना जू में एंट्री नहीं है। बर्ड फ्लू के एहतियातन यह फैसला लिया गया है। पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग के जू-सेक्टर पार्क और पटना हाईकोर्ट परिसर में कौओं और मुर्गियों की अचानक मौत के बाद H5N1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। H5N1 बर्ड फ्लू को कोरोना से भी खतरनाक माना जाता है। इसका जानवरों से इंसानों में फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। इधर, ऐसे मामले सामने आने के सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।



### नशे में मारपीट, 5 घायल, सभी एक ही परिवार के, बुजुर्ग बोला- शराब पीकर आया आरोपी, पूरे परिवार को पीटा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जुड़ावनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी राम के 70 वर्षीय पुत्र शिवाजी राम, शिवाजी राम के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश राम, रविंद्र राम की 30 वर्षीय पत्नी नीलम देवी, पप्पू राम के 21 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार और रविंद्र राम के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। शिवाजी राम ने बताया कि उनका बेटा शिवचंद्र राम अक्सर शराब पीकर आता है और उनके साथ गाली-गलौज करता है। शुक्रवार शाम जब शिवाजी राम अपने दरवाजे पर बैठे थे, शिवचंद्र शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। जब शिवाजी राम ने उससे बेवजह गाली देने का कारण पूछा, तो शिवचंद्र ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उनके दूसरे बेटे, बहू और पोते उन्हें बचाने आए, तो शिवचंद्र ने उन्हें भी पीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। मारपीट में कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।



### किराना स्टोर में लूटपाट, 2 लाख रुपए- सोने की चेन छीनी, 15 लड़कों ने डंडों से किया हमला, दुकानदार घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित पासवान चौक के पास शनिवार दोपहर कृष्णा किराना जनरल स्टोर में लूटपाट हुई। बदमाशों ने दुकानदार आदित्य राज के साथ मारपीट भी की, जिसमें वह घायल हो गए। घायल दुकानदार आदित्य राज ने बताया कि वीर चूहारमल नगर निवासी उमेश पासवान का पुत्र विकास पासवान उनकी दुकान पर कभी नहीं आया था। शनिवार दोपहर विकास दुकान पर आया और पांच शैम्पू मांगे। जब आदित्य ने शैम्पू देने की बात कही, तो विकास ने बदतमीजी से बात करना शुरू कर दिया। आदित्य के पूछने पर कि वह ऐसा क्यों बोल रहा है, विकास ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विकास ने आदित्य के गाल से 2 लाख रुपए नगद और उनके भाई के गले से सोने की चेन छीन ली। जब आदित्य ने शोर मचाया, तो विकास के साथ 14 से 15 अन्य लड़के भी आ गए। सभी ने मिलकर ईंट, पत्थर और डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। जब तक आसपास के लोग इकट्ठा होते, तब तक सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर लौट गई।

### प्रेमिका संग भाग रहे युवक को परिजन ने पकड़ा, महिला ने चप्पल से पीटा, पुलिस बचाकर ले गई थाने

**हाजीपुर।** वैशाली में गोरौल चौक के पास प्रेमिका के साथ भाग रहे एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। उसके बाद सब ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर थाने ले आई। प्रेमी-प्रेमिका बाइक से भाग रहे थे। लड़की के परिवार वालों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों का पीछा किया। गोरौल चौक ओवरब्रिज के पास उन्हें पकड़ लिया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और युवक की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने गोरौल थाना को सूचित किया। अवर निरीक्षक राहुल कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाने ले आए। युवकों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा गांव निवासी अमित कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लड़की की मां लड़के को पकड़कर चप्पल से पीटते नजर आ रही है। वहीं वो बेलते हुए सुनाई दे रही की तुमको मना किए थे न...। इसके बाद वहां मौजूद लोग भी युवक को हाथ- मुक्का से मारने लगे। पुलिस के अनुसार, अमित की मौसी प्रेमिका के गांव में रहती हैं, जिसके कारण अमित का वहां अक्सर आना-जाना था। वह अपने दोस्त राहुल को भी साथ लाता था। दोनों बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को भगाकर शादी करने की नीयत से ले जा रहे थे। पकड़े जाने के बाद लड़की के परिवार वाले उसे अपने साथ घर ले गए। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोनों युवकों को पूछताछ के लिए थाने में रखा गया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में रेल पुलिस का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रेल पुलिस के एक जवान को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। सीआरपीएफ कैंप के बाहर से पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद अहियापुर पुलिस को सौंप दिया गया है। झपहां स्थित कैंप में 27 फरवरी को रेल पुलिस का वार्षिक लक्ष्याभ्यास चल रहा था। इसी दौरान, कैंप के मेन डोर पर वर्दी में एक व्यक्ति ने अंदर जाने का प्रयास किया। वहां तैनात कर्मियों को उसकी हरकतों से शराब के नशे में होने का संदेह हुआ। सूचना मिलने पर रेल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ में जवान की पहचान रेल जिला मुजफ्फरपुर में तैनात पीटीसी-65 ज्ञानदेव दास के रूप में हुई। शरीर से शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसके बाद तुरंत अहियापुर थाना ले जाया गया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई जांच में ज्ञानदेव दास के शरीर में 78.4 mg/100 ml अल्कोहल की पुष्टि हुई। पुष्टि के बाद, रेल पुलिस ने आरोपी जवान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अहियापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार में शराबबंदी कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। जवान ज्ञानदेव दास का यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता भी दर्शाता है।

# मरीन ड्राइव पर मुठभेड़, शार्प शूटर को दौड़ाकर मारी गोली

**एजेंसी, पटना**



पटना के मरीन ड्राइव पर अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसकी पहचान वैशाली के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। मौके पर टाउन डीएसपी, DIU, और एसटीएफ मौजूद हैं। आरोपी को गोली लगने के बाद नजदीक के पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। मौके से पिस्टल मिली है। पुलिस की ओर से घटनास्थल को बैरिकेड कर दिया गया है और एफएसएल की टीम बुलाई गई है।

**शार्प शूटर है अमित:** अमित शार्प शूटर है। दरअसल 27 जनवरी 2025 को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए सुबोध सिंह गैंग के रोशन ततीया की हत्या करने आया था। इसी दौरान पुलिस को इसकी भनक लग गई और हत्या से पहले पीयूष पकड़ा गया जबकि अमित फरार हो गया। अमित ने जिस गैंग से सुपारी ली थी उसके बारे में पुलिस उसे पूछताछ कर रही है।

**कोर्ट की सुरक्षा में संेधमारी:** 27 जनवरी 2026 की सुबह पटना सिविल कोर्ट में दो हथियारबंद अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया जिसमें से पीयूष नाम का अपराधी गेट पर ही चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। दूसरा आरोपी कोर्ट परिसर में घुस गया हालांकि पुलिस की ओर से सुरक्षा बढ़ा दी गई। इसके बाद अपराधी के मंसूबे पर पानी फिर गया और वह फरार हो गया। पीयूष से जब पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वैशाली का रहने वाला अमीत पटना सिविल कोर्ट में उसे अपने साथ बाइक पर लाया था।

किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था फिर उसके निशानदेही पर ही पुलिस अमित की तलाश कर रही थी, लेकिन वो फरार हो जा रहा था। आज तड़के सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि अमित मरीन ड्राइव से होकर भाग रहा है इसी दौरान पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग कर दी इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई।

## होलिका दहन में अग्निशमन ने 445 जगहों को चिन्हित किया

**एजेंसी, पटना**



♦ सभी कर्मियों की रद्द हुई छुट्टियां, 4 जोन में बांटकर 400 कर्मियों की तैनाती

होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट है। एहतियातन सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। पटना को 4 जोन में बांटकर 435 के करीब फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी तरह की चुनौती से निपटने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नोडल पदाधिकारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी रैंक के हैं। सारे क्षेत्र की रूट मैपिंग पहले से करके एक कनेक्टिविटी बनाई गई है। ताकि आपात स्थिति में 2 मिनट के भीतर घटनास्थल पर रिस्पांस किया जा सके।

**एरिया डोमिनेशन शुरू:** उन्होंने बताया कि गली मोहल्ले में लोगों को जागरुक भी किया गया है। मिक्सड टेक्नोलॉजी बाइक के जरिए एरिया डोमिनेशन भी किया जा रहा है। 445 ऐसे स्थलों को चिन्हित किया गया है, सेफ्टी के लिहाज से सहज नहीं है। क्योंकि पास में या तो हाई राइज बिल्डिंग की दूरी कम है, चौक चौराहे हैं, या महत्वपूर्ण स्थल पेट्रोल पंप, वेंडिंग जोन हैं। ऐसे भी इन जगहों पर गाड़ियां तैनात की गई हैं।

**जांच करेंगे नोडल पदाधिकारी:** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि कमी और पदाधिकारी जिन जगहों पर प्रतिनियुक्ति किए गए हैं। उन्हें अलर्ट मोड में रखा गया है। समय से अपनी लोकेशन पर मौजूद है, या नहीं है इसकी जांच नोडल पदाधिकारी करते रहेंगे। किसी तरह की लापरवाही पाई जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय जनता दल की पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक

**एजेंसी, पटना**



❑ राज्यसभा उम्मीदवार पर होगा फैसला, तेजस्वी बोले- शाम में सब तय हो जाएगा

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक आज शाम 7 बजे होगी। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम पर चर्चा करना है। सूत्रों के मुताबिक, सबसे पहले पार्टी का स्टेट पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक करेगा। इसके बाद सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक होगी, जिसमें अंतिम रणनीति पर विचार किया जाएगा। नई दिल्ली से पटना पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना एयरपोर्ट पर कहा कि आज शाम पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक बुलाई गई है और उसी में सब कुछ तय हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि वे स्वस्थ रहें। वहीं, खुद के राज्यसभा जाने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कोई जवाब नहीं दिया और सवाल सुनते ही आगे बढ़ गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रेम गुप्ता, हीना साहब, एडी सिंह समेत कुछ मुस्लिम नेताओं की उम्मीदवारी पर विशेष चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बैठक के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को उम्मीदवार के नाम पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आरजेडी अपने राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन 2 मार्च को कर सकती है। इसके अलावा तेजस्वी के राज्यसभा जाने को लेकर सांसद संजय झा ने कहा कि बताइए बिहार को छोड़कर चले जाएंगे।

## 'नीट रेप-मौत केस में पॉक्सो क्यों नहीं लगाया'

**एजेंसी, पटना**



❑ कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार, एसआईटी-एजेंसी से पूछा- आपको मनीष रंजन की जरूरत है या नहीं

पटना में NEET छात्रा मामले में गिरफ्तार बिल्डिंग के मालिक मनीष रंजन की जमानत याचिका पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई ढाई घंटे तक चली। मनीष रंजन को कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। अब याचिका पर 2 मार्च को सुनवाई होनी है। CBI को आज भी कोर्ट ने फटकार लगाई है। CBI से पूछा है कि आपने पॉक्सो क्यों नहीं लगाया? 17 जनवरी तक केस की जांच चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार रौशनी कर रही थी, फिर SIT ने जांच की।

इसके बाद 12 फरवरी को CBI ने 307 का केस दर्ज किया। CBI को जांच करते हुए 15 दिन हुए। कोर्ट ने पूछा कि मनीष रंजन को लेकर अब तक आपने क्या जांच की? क्या आपको मनीष रंजन की जरूरत है? आपने अपने केस में तो पॉक्सो एक्ट लगाया नहीं है। आपके पास तो अटेम्प्ट टू मर्डर का केस है। इस पर आप जवाब दीजिए कि मनीष रंजन की जरूरत आपको है या नहीं? SIT से भी यही सवाल कोर्ट ने पूछा। कोर्ट ने कहा कि मनीष पर आरोप क्या है? इसके खिलाफ सबूत क्या है? SIT ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये प्रभाशाली व्यक्ति हैं। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब हमें इनकी जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब जांच CBI कर रही है। सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार भी मौजूद था।

**रौशनी और एसआईटी के बयान अलग-अलग थे:** कोर्ट ने केस चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार और शुरुआत में IO रही रौशनी कुमारी से कई सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि आपने कितनी तारीख तक केस की जांच की? मनीष रंजन पर क्या आरोप है? इसके खिलाफ क्या सबूत मिले? आपने अपनी जांच में क्या-क्या जब्त किया? सबूतों को 24 घंटे में कोर्ट में क्यों नहीं पेश किया? रौशनी ने छात्रा का मोबाइल और हॉस्टल का DVR जब्त किया था। कोर्ट ने पूछा कि इसे आपने अपने पास क्यों रखा? FSL जांच क्यों नहीं कराई? कोर्ट से इसकी अनुमति क्यों नहीं ली? अपना पक्ष रखते हुए रौशनी ने कहा कि मैंने सभी चीज SIT को 17 जनवरी को सौंप दिया था। मौके पर ही SIT ने कहा कि नहीं, हमें 24 जनवरी को मिला था। दोनों के बयान मेल नहीं खाए। पीड़ित पक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इन लोगों ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुआ है। SIT को लीड कर सचिवालय SDPO-1 डॉ. अन्नू कुमारी से भी सवाल किया गया है। मनीष रंजन कब-कहां थे? वो बिहार से बाहर कब गए? उन्हें कब पकड़ा? उनका स्टेटमेंट क्या था? सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट को डॉ. अन्नू ने बताया कि CDR खंगाला गया है। उससे इनके लोकेशन को मिलाया गया है।

**स्टाफ बोली-बेहोश थी, शरीर पर खरोंच थे:** पटना में NEET छात्रा मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम शुक्रवार को प्रभात अस्पताल पहुंची। एक महिला स्टाफ से 5 घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने पूछा कि जब छात्रा हॉस्पिटल आई तो उसकी क्या हालत थी। क्या देखा उस वक्त? महिला स्टाफ ने कहा, वह बेहोशी की हालत में थी? उसके शरीर पर खरोंच के निशान थे।

महिला स्टाफ ने यह भी कहा कि अस्पताल में यह चर्चा चल रही थी कि उसके साथ घिनौनी हरकत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की बात लिखी गई है। अस्पताल ने उसके मौत की वजह नशीली दवा के ओवरडोज की बात लिखी थी। यह कैसे लिखी गई और क्यों लिखी गई, इसका जवाब तो लैब के स्टाफ देंगे। महिला स्टाफ ने आगे कहा कि, 'यह हम कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट बदला गया या नहीं?'

## होलिका दहन घनी आबादी में न करें, आग वाली जगह पर पहले से रखें पानी की व्यवस्था

**एजेंसी, पटना**



बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी की जारी

पटना में होली को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। होलिका दहन पर अगलगी की घटनाएं न हो इसके लिए बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन और रंगोत्सव के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। एडवाइजरी के अनुसार घनी आबादी में होलिका दहन न करने की अपील की गई है। साथ ही जहां होलिका दहन वाले जगह पर एक हजार लीटर पानी रखने की सलाह दी गई है, ताकि अगर आग भड़के तो तुरंत लपटों पर काबू पाया जा सके। आम नागरिकों, आयोजकों और स्थानीय समितियों से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

**अफवाह पर ध्यान न देने की अपील:** अग्निशमन विभाग ने कहा है कि होली उत्सव के दौरान सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। सभी आयोजन समितियां सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। विभाग की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखेंगी और किसी भी आपात स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध या जोखिमपूर्ण स्थिति की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दें।

**जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर जारी:** फुलवारीशरीफ, लोहानीपुर, कंकड़बाग, दानापुर, पालीगंज, मसौढ़ी, बाढ़ और सचिवालय के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की आगजनी या आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने के लिए जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर 7485805821 जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2229998 और 0612-2222214 भी सक्रिय रहेंगे। आपातकालीन स्थिति में 101 अथवा 112 डायल करने की सलाह दी गई है।

## बच्चा चोरी का आरोप लगाकर महिला की पिटाई, अफवाह के बाद भीड़ में फंसी पीड़िता

**एजेंसी, पटना**



पटना सिटी में बच्ची चोरी की अफवाह पर एक महिला को भीड़ ने पीट दिया। लोगों ने बच्चा चोरी का आरोप पीड़िता पर लगाया था। कुछ लोग शोर मचाने लगे थे, इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। जिसके बाद बिना कुछ सोचे-समझे महिला की पिटाई कर दी गई। महिला की बात कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। इसी बीच किसी ने डायल-112 की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को भीड़ से निकाला। इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगरा इलाके की है।

**महिला को कई जगह लगी चोटें:** चिकित्सकों ने बताया कि महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं, लेकिन उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। उसका इलाज जारी है। मालसलामी थाना के पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में महिला निर्दोष पाई गई है। बच्चा चोरी की बात पूरी तरह अफवाह साबित हुई है। अधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने अफवाह फैलाई, जिसके कारण यह घटना हुई।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज:** पुलिस ने अफवाह फैलाने और कानून हाथ में लेने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने और हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे

**एजेंसी, पटना**

♦ होली के बाद महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दी, 1.37 करोड़ रुपए होंगे खर्च

पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे। निगम के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को नई वर्दी मिलेगी। निगम में काम कर रहे स्थायी और दैनिक कर्मियों को होली के बाद वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके प्रस्ताव को निगम प्रशासन की ओर से सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पास कर दिया गया है। इसके अनुसार, निगम के विभिन्न अंचलों और मुख्यालय में कार्यरत कुल 4866 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे।

**महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दी:** पटना नगर निगम में 1025 स्थायी कर्मी और 3841 दैनिक कर्मी काम करते हैं। सभी कर्मचारियों को हर साल वर्दी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसमें पुरुष कर्मचारियों को 2 सेट फुल पैंट-शर्ट और एक जोड़ी जूता दिया जाएगा, जबकि महिला कर्मचारियों को दो साड़ी, दो पेटीकोट, दो ब्लाउज और एक जोड़ी जूता उपलब्ध कराया जाएगा। वर्दी की दरें वित्त विभाग की ओर से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप तय की गई हैं।

**काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगी:** निगम प्रशासन का कहना है कि वर्दी उपलब्ध कराने से कर्मचारियों की पहचान स्पष्ट होगी, काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगी और साथ ही स्वच्छता संबंधी कार्यों में पेशेवर छवि भी सुदृढ़ होगी। मेयर सीता साहू ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और अनुशासन के लिए सभी कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। होली के बाद कार्यादेश निकल जाएगा, जिसके 4 से 5 दिन के भीतर सभी के बीच वर्दी बांट दी जाएगी। साल 2024 में कुछ कर्मियों को वर्दी के स्थान पर नगद राशि का भुगतान किया गया था, लेकिन इस साल प्रत्यक्ष रूप से वर्दी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है।



**1.37 करोड़ रुपए वर्दी के लिए खर्च होने की संभावना:** निगम की ओर से एक पुरुष कर्मचारी पर 2 सेट वर्दी और जूता सहित कुल 2,877 रुपए खर्च होंगे। इसी तरह एक महिला कर्मचारी पर कुल 2,373 रुपए खर्च का अनुमान है। निगम में कार्यरत 4317 पुरुष कर्मियों पर लगभग 1.24 करोड़ रुपए और 549 महिला कर्मियों पर करीब 13.02 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर 1 करोड़ 37 लाख 22 हजार 786 रुपए की राशि वर्दी आपूर्ति पर खर्च होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### एचएसएससी भर्तियां से पहले लेगा युवाओं के सुझाव,अदालती विवाद से बचने की कवायद

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा नई भर्तियों की तैयारी शुरू कर दी गई है। आयोग द्वारा पुलिस भर्तियों की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले हाल ही में ग्रुप डी के लिए सीईटी के आयोजन का भी ऐलान किया जा चुका है। पिछले सीईटी में करीब 13 लाख युवाओं ने भाग लिया था। किसी प्रकार के विवाद से बचने के लिए सरकार द्वारा अब अधिकतर भर्तियां आयोग के माध्यम से की जा रही हैं। एक तरफ जहां आयोग द्वारा इस वर्ष का भर्ती कैलेंडर तैयार किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ आयोग के चेयरमैन ने निकट भविष्य में सरकारी पदों पर भर्तियां शुरू करने का ऐलान किया है। पूर्व समय के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा की गई कई भर्तियां कानूनी विवाद में उलझकर सिरे नहीं चढ़ सकी हैं। ऐसे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अब बीच का रास्ता निकाल लिया है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से बताया कि आयोग द्वारा निकट भविष्य में भर्तियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कई विभागों के माध्यम से आवेदन मांगे जाएंगे। हिम्मत सिंह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद युवा अक्सर अपने सुझाव देते हैं। बहुत से युवा इसे लेकर अदालत में चले जाते हैं, जिससे हजारों युवाओं का नुकसान होता है। इससे आयोग को भी कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए भर्तियों के विज्ञापन जारी होते ही युवा एक गूगल शीट के माध्यम से अपने सुझाव आयोग को दे सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन सुझावों पर विचार विमर्श करके अगला निर्णय लिया जाएगा। आयोग के चेयरमैन ने इसके लिए आज ही एक गूगल फार्म भी जारी कर दिया है। हिम्मत सिंह ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों के अदालत में जाने से न केवल हजारों युवाओं का नुकसान होता है बल्कि आयोग व सरकार को भी कई तरह की परेशानियां आती हैं।

### रेडक्रॉस अब ड्राइविंग टेस्ट सेंटर संचालित करेगी

**लोकतंत्र की शान : चंडीगढ़।** हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी जनसेवा के साथ अब सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली का भी जिम्मा संभालेगी। परिवहन विभाग की ओर से जिला स्तर पर स्थापित किए जाने वाले जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के जरिये संचालित किया जाएगा। जल्द ही परिवहन विभाग और रेडक्रॉस के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) होगा। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी लर्निंग लाइसेंस बनने से पहले होने वाले एमसीक्यू टेस्ट (यातायात नियमों से जुड़ा टेस्ट) का संचालन करेगी। इसको लेकर परिवहन विभाग की ओर से रेडक्रास को जिला सेंटरों के संचालन की मंजूरी दे दी गई है। इन सेंटरों का संचालन जिला उपायुक्त के माध्यम से रेडक्रॉस करेगी। हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने जिला ट्रेनिंग सेंटर का संचालन रेडक्रॉस के जरिये करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा था। विभाग की ओर से रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया है कि जिला ट्रेनिंग सेंटर (ड्राइविंग टेस्ट ग्राउंड) का संचालन के लिए हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी और परिवहन विभाग के बीच एमओयू होगा, जिसमें संचालन के मानक तय होंगे। इसके साथ ही परिवहन विभाग के एसीएस की ओर रेडक्रॉस को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया कि इस पहल से ड्राइविंग प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, जवाबदेह और प्रभावी बनाया जाएगा। एमओयू में प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन, संसाधनों के उपयोग, वित्तीय प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था से जुड़े सभी बिंदुओं को तैयार किया जाएगा। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से रेडक्रॉस को भेजे पत्र में कहा गया है कि इन प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना और संचालन संबंधित जिला उपायुक्तों के माध्यम से जिला रेडक्रॉस सोसायटियों द्वारा किया जाएगा। इससे स्थानीय प्रशासन की प्रत्यक्ष निगरानी बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिला उपायुक्त, जिला रेडकॉस सोसायटी के चेयरमैन होते हैं। परिवहन विभाग की ओर से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए यातायात और सडक़ सुरक्षा से जुड़े नियमों को लेकर ऑनलाइन मॉक कंप्यूटर टेस्ट अनिवार्य किया गया है। सोसायटी को प्रति लर्निंग लाइसेंस टेस्ट पर 180 रुपये की आमदन होगी। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी का कहना है कि रेडक्रॉस लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के अभ्यार्थियों को एमसीक्यू टेस्ट के साथ फर्स्ट एड ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी देगी। यह सर्टिफिकेट कोर्स एक सप्ताह का होगा। फर्स्ट सर्टिफिकेट के बाद ही अभ्यार्थी लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर पाएगा।

### धुलण्डी पर 3 मार्च को दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी मेट्रो सेवा

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** धुलण्डी के अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की यात्री सेवाएं आंशिक रूप से बंद रहेंगी। निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार सुबह 5:20 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेट्रो ट्रेनों का संचालन स्थगित रहेगा। इसके बाद दोपहर 2:10 बजे से रात्रि 10:21 बजे तक मेट्रो सेवाएं अनवरत संचालित की जाएंगी। मेट्रो प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि धुलण्डी के दिन वे मेट्रो में यात्रा का आनंद लें, लेकिन मेट्रो परिसर, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में रंग डालने, रंग खेलने या हुड़दंग करने की सख्त मनाही रहेगी। यात्रियों के लिए गुलाल, रंग, पानी से भरी पिचकारियां, गुब्बारे और बोतलें ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। रंग से सने कपड़ों के साथ मेट्रो परिसर व ट्रेनों को गंदा करने पर भी रोक रहेगी। नशे की अवस्था में मेट्रो परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेट्रो रेलवे (ऑपरेशन व मेन्टीनेन्स) एक्ट, 2002 के तहत मेट्रो ट्रेनों और परिसरों को गंदा करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वैभव गालरिया ने जयपुर वासियों और मेट्रो यात्रियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 3 मार्च (धुलण्डी) को संचालन समय में किए गए आंशिक बदलाव को ध्यान में रखते हुए यात्री अपनी यात्रा की पूर्व योजना बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण विंडो 01 अप्रैल 2026 तक खुली

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण विंडो 01 अप्रैल 2026 तक खुली है। भारतीय सेना में जेसीओ/ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा, सैनिक तकनीकी (नर्सिंग असिस्टेंट / नर्सिंग असिस्टेंट वेटनरी), अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी), अग्निवीर ट्रेडसमैन (10वी पास), अग्निवर ट्रेडसमैन (8वी पास) और अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) की श्रेणियों के लिए अधिसूचना जारी किया है। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार राजस्थान राज्य के रहने वाले उम्मेदवार 01 अप्रैल 2026 तक ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in के माध्यम से वांछित श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है की वे अपने सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क करें, जिनके संपर्क विवरण और पते भारतीय सेना के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### जींद : पंचायत में एक स्वर में एचपीवी वैक्सीन का विरोध

**लोकतंत्र की शान : जींद।** गांव नगूरां के भूतेश्वर मंदिर में एचपीवी वैक्सीन के विरोध में रविवार को खांडा तपा की एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सबकी सहमति इस बात पर हुई कि एचपीवी वैक्सीन का विरोध किया जाएगा। कोरोना की वैक्सीन के बाद हुए दुष्परिणामों को देखते हुए लोगों ने एकमत से इसका बहिष्कार किया। पंचायत की अध्यक्षता चांदपुर गांव के पूर्व सरपंच रामकुमार नरवाल ने की। इस दौरान खांडा तपा के दस गांवों के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लगभग दो घंटे चली पंचायत को रविंद्र हसनपुर गजे सिंह नगूरां, धर्मपाल नगूरां, राजेश नगूरां, रामनिवास शर्मा, सुशील नरवाल चांदपुर ने अपने विचार रखे। जनता सरकार मोर्चे के संस्थापक सुशील नरवाल ने बताया कि ये वैक्सीन बिल गेट्स द्वारा स्पांसर की जा रही है। बिल गेट्स खुद वही व्यक्ति है, जिसका नाम एपस्टीन फाइल में आया है। इस पर गंभीर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। जिसमें छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण और हत्या के आरोप है। इसने एपस्टीन से संबंध भी स्वीकार किए हैं।

# भाईचारे का प्रतीक है होली –सुमित नरवाल

» होली है हिंदू धर्म का एक पवित्र त्योहार है- सुमित नरवाल

» सुमित नरवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में मनाया गया होली पर्व

**लोकतंत्र की शान , राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**



**करनाल/असंध** : असंध के जी एस फार्म में सुमित और टीम सुमित नरवाल के द्वारा सुमित नरवाल कल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें असंध विधानसभा के हर गांव की 36 बिरादरी के लोगों ने सामाजिक एकता की मिसाल कायम की । इस होली मिलन समारोह में मुख्य तौर पर करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर एवं सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा सहित असंध विधानसभा एवं विभिन्न गांवों के सरपंच,जिला परिषद के सदस्य ब्लॉक समिति के सदस्य और हर गांव से सम्मानित हजारों की संख्या में सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सुमित नरवाल ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें होली मिलन की शुभकामनाएं प्रेषित की। सुमित लाठर ने कहा कि होली हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे फागुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्योहार में लोग आपस में रंग फेकते हैं, पिचकारी से पानी उड़ाते हैं और मिठाई खाते हैं। होली का महत्व हमारे जीवन में खुशियों और मिठास को जोड़कर एक खास स्थान रखता है। यह एकता,मित्रता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है जो खुशी, आनंद, प्रेम और एकता का प्रतीक है। इसे पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए और सामाजिक बन्धनों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मानना चाहिए। होली के दिन हमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के बीच विभिन्न गतिविधियों, नृत्य, संगीत, खाने-पीने और खुशी के साझा लाभ को अनुभव करना चाहिए। होली एक आपसी समझ, समरसता और समानता का प्रतीक होना चाहिए। हम होली को सम्पूर्ण आनंद और संतुष्टि के साथ मनाएं और दुसरों के साथ प्यार और सम्मान का आदान-प्रदान करें।

## गोपाल कृष्ण सहोत्रा को राज्यसभा टिकट देने की उठाई मांग

**लोकतंत्र की शान , राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट**

**करनाल** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य गोपाल कृष्ण सहोत्रा को राज्यसभा की टिकट दिए जाने की मांग की है। समाज के लोगों ने कहा कि सहोत्रा का चार दशक से अधिक का राजनीतिक अनुभव और सामाजिक कार्य उन्हें राज्यसभा के लिए एक मजबूत दावेदार बनाता है। इस अवसर पर श्यामभगत वाल्मीकि, बलविंदर वाल्मीकि, सन्नी, अरुण और जगदीश वाल्मीकि सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि गोपाल कृष्ण सहोत्रा पिछले लगभग 40 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कर रहे हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी और समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।समाज के लोगों ने कहा कि सहोत्रा ने हमेशा वाल्मीकि समाज सहित अन्य वंचित वर्गों की आवाज को प्रमुखता से उठाया है और उनके अधिकारों के लिए



निरंतर संघर्ष किया है। उनका मानना है कि यदि उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है तो वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकेंगे। अंत में समाज के लोगों ने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि सहोत्रा की निष्ठा, अनुभव और सामाजिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जाए।

## वार्डों में पहुंचकर महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, सड़क व जलनिकासी व्यवस्था के शीघ्र एवं स्थायी निराकरण का दिया आश्वासन

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**






**कटनीः** शहर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों द्वारा उठाई जा रही मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को रफी अहमद किदवई वार्ड एवं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड का दौरा किया। दौरे के दौरान महापौर जागृति कॉलोनी पहुंचीं, जहां उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। स्थानीय रहवासियों ने सड़क निर्माण एवं जलनिकासी व्यवस्था के अभाव से उत्पन्न गंभीर परेशानियों से अवगत कराया। कीचड़, जलभराव और आवागमन में बाधा जैसी समस्याओं को लेकर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की। महापौर ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के चरणबद्ध एवं स्थायी निराकरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को भविष्य में ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# इंद्रजीत कुमार की जयंती पर दो दिवसीय भव्य आयोजन

» कनपुरा लोक कला महोत्सव व विराट कवि सम्मेलन

**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार की 83वीं जन्म जयंती के अवसर पर श्रीअवध सद्भावना समिति द्वारा ग्राम पंचायत चितवरिया, तहसील सिहावल में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रीअवध सदभावना समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 04 मार्च 2026 को क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ एवं बिरहा कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोक संस्कृति की छटा बिखरेगी। वहीं 05 मार्च 2026 को चितवरिया में विराट कवि सम्मेलन एवं कनपुरा लोक कला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में अखिल भारतीय स्तर के कवि एवं कवयित्रियों के साथ-साथ जिले के स्थानीय सम्माननीय कविगण भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन समिति के सचिव राजकुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विलुप्त होती लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ लोक साहित्य एवं पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के दौरान फाग प्रतियोगिता का भी आयोजन



किया जाएगा, जिससे होली के रंगों के साथ बसंती बहार का उल्लास और बढ़ेगा। समिति द्वारा कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि क्षेत्रीय कला और संस्कृति को नई पहचान मिल सके। समिति ने सभी कला प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर लोकगीतों, काव्य रस और बसंती उत्सव का आनंद लें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

# मध्यप्रदेश सरकार के बजट पर बोली सीधी विधायक

» ज्ञानी" माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है बजट - रीती पाठक

» ग़रीब, युवा, अन्नदाज्ञानी" माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज हैता और नारी शक्ति के स्वावलंबन और विकसित प्रदेश बनेगा

**लोकतंत्र की शान**




**सीधी।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व एवं वित्त और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4.38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक और सर्वसमावेशी बजट पर स्थानीय सर्किट हाउस मे आयोजित विस्तृत प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि यह बजट "ज्ञानी" माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र उत्थान के साथ साथ अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है । भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण के लिए 5 एच पी के कृषि पंपों हेतु 5276 करोड़ रुपए का प्रावधान, दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़ तथा समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु 150 करोड़ निर्धारित किए गए हैं । आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ की व्यवस्था की गई है । प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अन्तर्गत 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे किसानों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी । जिला उपाध्यक्ष विश्व बंधुधर द्विवेदी, मनीला सिंह चौहान, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय और जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे की विशिष्ट उपस्थिति में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालन गतिविधियों के लिए 2364 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। ग़रीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए 2857 करोड़ तथा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के कल्याण के लिए 1691 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण परिवारों को आबादी भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने और पंजीयन व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करने के लिए 3800 करोड़ कि व्यवस्था की गई है। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि ये निर्णय सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

## नशेड़ी युवक की नौटंकी से परेशान रहा प्रशासन,5घंटे की मशक्कत के बाद पावरग्रिड टावर से नीचे उतरा

**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** जिले के थाना क्षेत्र मझौली अंतर्गत चुवाही से करमाई रोड बम्हनमरा टोला के पास महुआ पानी मे हाई टेंशन टावर में अमर सिंह पिता रामबली सिंह 35 वर्ष निवासी खारी देवरी जिला शहडोल 1 मार्च रविवार को लगभग दोपहर के एक बजे चढ़ गया जिसे उतारने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास किया जाता रहा।प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक करमाई बभनमरा टोला ससुराल आया था और नसे की हालत मे 12 बजे के लगभग घर से निकला था व किसी अनजान व्यक्ति से विवाद हो जाने पर वह टाबर पर चढ़ गया है।उसे नीचे उतारने के लिए प्रशासन की तरफ से काफी मान मनौवत की गई लेकिन वह सुनने को तैयार नही था तब प्रशासन द्वारा पॉवर ग्रेट टीम की मदत ली गई व लगभग पांच



घंटे वाद उसे टॉवर से सकुशल उतारकर उसे डाक्टरी परीक्षण वाद परिजनों को सौप दिया गया। मौके पर तहसीलदार दिलीप सिंह, प्रभारी नगर निरीक्षक विशाल शर्मा डां. राकेश तिवारी व भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे ।

## गुरुग्रामः थार सवार युवकों ने कारोबारी के बेटे पर हमला करने को दौड़ाई कार

**लोकतंत्र की शान**

**गुरुग्राम।** शहर थाना क्षेत्र में एक काले रंग की थार कार में सवार युवकों ने कारोबारी के बेटे के पीछे थार कार दौड़ाई। हॉकी व डंडे लेकर उसके पीछे भागने लगे। पीड़ित छात्र ने एक दुकान में घुसकर जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कारोबारी ने कहा कि उनका बेटा 11वीं क्लास में पढ़ता है। वह अपनी कार में एक्सेसरीज लगवाने रेलवे रोड गया था। इसी दौरान थॉर और अन्य गाडिय़ों में सवार युवकों ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। उसने तुरंत उन्हें व पुलिस को कॉल की। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। कारोबारी का कहना है कि दो साल से सेक्टर-9ए में रहने वाले कुछ युवक उनके परिवार को परेशान कर रहे हैं। पिछले साल उनके घर पर पथराव किया था। बाहर खड़ी गाडिय़ों के शीशे तोड़ दिए थे। इसे लेकर उन्होंने एफआईआर दर्ज करवाई थी। अभी केस कोर्ट में चल रहा है। युवकों ने इसके कुछ दिन बाद दोबारा हमला किया तो बचाव में युवकों को वहां से खदेड़ दिया। इसके बाद एक युवक ने उनके परिवार के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज करवा दिया। इस बार उनके बेटे पर तीसरी बार हमला किया गया है। इस मामले में थाना शहर के एसएचओ मदनलाल ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से झगड़ा चल रहा है। पहले भी एक पक्ष पर एफआईआर हो चुकी है। सिटी थाना क्षेत्र में ताजा कोई झगड़ा नहीं हुआ। दोनों पक्षों को बुलाया गया है।

## संजय अभ्यारण्य के मोहन पार्क में आधा दर्जन से अधिक बाघों ने जमाया डेरा,रेंजर का दावा बिना कालर आईडी के घूम रहे हैं दर्जनों टाइगर

» रेंजर जितेन्द्र पारासर खुद कर रहे निगरानी

**लोकतंत्र की शान**

**सीधी।** वन मंडल के संजय टाइगर रिजर्व अंतर्गत आने वाले मोहन पार्क में इन दिनों टाइगरों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। मोहन पार्क रेंज के रेंजर जितेन्द्र पारासर स्वयं क्षेत्र में सक्रिय रहकर टाइगरों के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी गोविन्द विश्वकर्मा सहित 5 सदस्यीय टीम मौजूद रही। रेंजर जीतेन्द्र पारासर ने बताया कि हाल ही में एक मादा बाघ T 46 और एक नर बाघ T 53 कॉलर आईडी के देखे गए हैं,और क्षेत्र में काफी समय से यह रहे हैं और उनका मूमेन्ट मोहन रेन्जर में बना रहता है जिससे वन विभाग की सतर्कता और बढ़ा दी गई है। इसके अलावा मोहन रेंज में बिना कॉलर आईडी वाले टाइगरों की भी



सक्रियता दर्ज की गई है, जिसमें 3 नर टाइगर, 2 मादा टाइगर और उनके 5 शावकों का मूवमेंट शामिल है। लगातार निगरानी के माध्यम से उनकी सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि, रेंजर ने यह भी चिंता जताई कि पर्यटकों के लिए जिप्सी जैसी सफारी सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है। यदि सफारी व्यवस्था शुरू की जाए तो न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वन विभाग की आय में भी वृद्धि होगी। वन विभाग द्वारा आसपास के ग्रामीणों को टाइगर मूवमेंट की जानकारी देकर सतर्क रहने की अपील की गई है। लोगों को अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में लगे अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे

**भोपाल।** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत के शिया समुदाय में भी शोक की लहर है। भोपाल के करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया। उन्होंने इमाम हुसैन की मौत का जिक्र करते हुए कहा- इतिहास गवाह है कि किसी विचारधारा या आंदोलन को किसी एक व्यक्ति के जाने से समाप्त नहीं किया जा सकता। इंकलाब की राह आगे भी जारी रहेगी और उसे आगे बढ़ाने वाले लोग मौजूद रहेंगे। अंत में इमाम हुसैन ने ताजियत पेश की। सभा में मौजूद लोगों ने इजराइल मुर्दाबाद, अमेरिका मुर्दाबाद, खामेनेई जिंदाबाद, अल्लाह हू अकबर और या हुसैन के नारे लगाए गए। मजलिस को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा कि दुश्मन अक्सर सामने से नहीं, बल्कि पीछे से वार करता है। उन्होंने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई की शहादत से उम्मत-ए-मुसलमान खुद को यतीम महसूस कर रही है। शहादत किसी भी विचारधारा को कमजोर नहीं करती, बल्कि उसे और मजबूत बनाती है। इमाम हुसैन ने लोगों से एकजुट रहने और सब्र बनाए रखने की अपील भी की। मस्जिद मोहम्मदी के इमाम जुमा सैयद अजहर हुसैन रिजवी ने भी सभा को संबोधित किया।



### भारत में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए सरकार ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों और ईरान के जवाबी पलटवार के बाद उत्पन्न गंभीर स्थिति के बीच भारत सरकार ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय ने परामर्श में कहा गया है कि है कि इस घटनाक्रम के कारण जिन विदेशी नागरिकों की भारत से प्रस्थान योजना प्रभावित हुई है और उन्हें अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी है, वे अपनी वीजा अवधि बढ़ाने अथवा ठहराव को नियमित कराने के लिए निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से तत्काल संपर्क करें। मंत्रालय ने कहा कि संबंधित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय प्रभावित नागरिकों को आवश्यक औपचारिकताओं के निर्वहन में पूर्ण सहायता प्रदान करेगा, ताकि उनकी उपस्थिति विधिसम्मत बनी रहे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय तनाव के कारण कई अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं ने उड़ानें निलंबित कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र बंद होने से भारत में ठहरे विदेशी नागरिकों की वापसी प्रभावित हुई है।




### राष्ट्रपति सोमवार को जारी करेंगी दिल्ली की महिलाओं के लिए पिंक कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन कार्ड' से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस महत्वाकांक्षी योजना (पिंक कार्ड) का शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मेट्रो, रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सशुल्क सुविधा देगा। मुख्यमंत्री के अनुसार यह पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं के दैनिक यात्रा खर्च में कमी आएगी और उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य तथा सामाजिक अवसरों तक सुगम पहुंच मिलेगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे। पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया जाएगा। शुरुआती चरण में पिंक और ब्लू कार्ड लॉन्च किए जाएंगे, जिसके बाद ऑरेंज कार्ड लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्ड जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने हिंडन मर्केंटाइल लिमिटेड (मुफिनपे) और एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अधिकृत किया है। ये कार्ड दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में पहले से लागू ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस) से एकीकृत होंगे।

### मध्य पूर्व के देशों में सोमवार को होने वाली सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मध्य पूर्व के कई देशों में सोमवार को होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए स्थगित करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई का यह आदेश बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबद्ध स्कूलों पर लागू होगा। बोर्ड ने आज एक आदेश में कहा कि 2 मार्च को होने वाली परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि वे 3 मार्च को स्थिति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद ही 5 मार्च और उसके बाद की परीक्षाओं पर कोई फैसला लिया जाएगा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज की ओर से जारी इस सर्कुलर में सभी छात्रों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपडेट के लिए अपने संबंधित स्कूलों के संपर्क में रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।




### नागपुर में औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी के कारखाने में धमाका, 15 की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के कळमेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहूलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड कंपनी के कारखाने में आज हुए शक्तिशाली धमाके में 15 लोगों की मृत्यु हो गई है। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने घटना की पुष्टि की है। घायलों की सटीक संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। नागपुर के कळमेश्वर स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व नाम स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) देश की प्रमुख औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी है। यह कंपनी खनन और आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए आवश्यक विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर तथा संबंधित उत्पादों का निर्माण करती है। यह विस्फोट रविवार तड़के लगभग प्रातः 5:30 बजे हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी, ऐसा स्थानीय ग्रामवासियों ने बताया। घटना की सूचना मिलते ही नागपुर के जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के सटीक कारण और घायलों की संख्या के संबंध में अभी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है।




# दावा-खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

- 2 साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

**एजेंसी, तेहरान**

अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है। ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है।

ईरान के संभावित नए सुप्रीम लीडर के बारे में जानने से पहले शनिवार को हुए हमले की तस्वीर, जिसमें खामेनेई की जान गई...

**खामेनेई ने बीमार होने पर मुजतबा को उत्तराधिकारी बनाया था:** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितंबर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तराधिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं।



**इस्लामिक मामलों के जानकार हैं मुजतबा खामेनेई:** मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीनेजाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी। सुधारवादी नेताओं ने दावा किया कि चुनाव में भारी पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। इसके बाद लाखों लोग सड़कों पर उतर आए थे। इसे 'ईरानी ग्रीन मूवमेंट' का नाम दिया गया। यह दो साल तक चला, लेकिन ईरानी सरकार ने इसे बल प्रयोग करके दबा दिया था। कहा गया था कि इसके पीछे मुजतबा खामेनेई का दिमाग है।

**किसी पद पर नहीं थे मुजतबा, भाषण भी नहीं देते:** मुजतबा के सरकार में किसी पद पर न होने के बाद भी जरूरी फैसलों में लगातार उनकी भागीदारी बढ़ती देखी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मुजतबा एक रहस्यमयी शख्स हैं। वह बहुत कम अवसरों पर नजर आते हैं। वे पिता की तरह सार्वजनिक भाषण नहीं देते।

## केजरीवाल बोले- कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा

- हमें खत्म करने के लिए मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

BJP नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और BJP के लिए करारा जवाब है। AAP को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। IIT से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मेरे खिलाफ कई जांच कराई गईं, लेकिन कुछ साबित नहीं हुआ। कांग्रेस और BJP दोनों ने 12 साल में देश को अच्छी सड़कें, पानी और बेहतर व्यवस्था नहीं दी। रेलवे, एयरलाइंस, बैंक और शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। एक दिन पहले कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे केजरीवाल दिल्ली के पूर्व सीएम और AAP नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में शनिवार को पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, AAP सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। शुक्रवार को दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था। कल शाम केजरीवाल ने AAP दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी।



**ED मामले में भी बरी हो सकते हैं केजरीवाल:** अगस्त 2022 में CBI की चार्जशीट के आधार पर ED ने भी इस मामले में केस दर्ज किया था। ED के मामले भी अभी सुनवाई जारी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि CBI मामले में केजरीवाल समेत अन्य लोगों के बरी होने के कारण ये सभी ED मामले में भी बरी हो सकते हैं। क्योंकि ED का मामला अब कमजोर पड़ गया है। शुक्रवार को केजरीवाल ने कहा था कि मैंने जिंदगी में इज्जत और ईमानदारी कमाई है। एक पैसा नहीं कमाया, ये लोग उसी पर चोट करना चाहते थे।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा

## भाजपा अध्यक्ष नवीन बोले-बंगाल से घुसपैठियों को बाहर करने का समय आ गया

**एजेंसी, पटना**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले से भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा- ये परिवर्तन सिर्फ व्यवस्था बदलने का विषय नहीं है, बल्कि सोच को बदलने का विषय है। आज हम बंगाल की इस पवित्र माटी से घुसपैठियों को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि अब घुसपैठियों को बाहर करने का समय आ गया है।

**हम नए बंगाल का बीज रखेंगे:** सकारात्मक सोच के साथ हम नए बंगाल का बीज रखेंगे। हम सबको तैयार हो जाना है और घुसपैठिए वाली सरकार से बंगाल को मुक्त करना है और विकसित बंगाल का सपना साकार करना है। ममता दीदी, क्या आपने इसी सोनार बांग्ला का सपना दिखाया था, जहां सिर्फ भ्रष्टाचार हो, अराजकता हो और यहां के लोगों का शोषण हो। अब यहां का युवा बहुत परेशान हो चुका है। इन सभी का हिसाब लेने के लिए ही यह परिवर्तन यात्रा निकल रही है। जिस वंदे मातरम् के गान से पूरा देश आजाद हुआ, आज जब हम उसकी 150वीं जयंती मनाते हैं, तो टीएमसी के सांसद संसद में उसे रोकते हैं। जिस वंदे मातरम् ने पूरे देश को आजादी दिलाई, उसी वंदे मातरम् का टीएमसी के सांसद अपमान करते हैं। ममता दीदी, वंदे मातरम् ने अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी, और अब वही वंदे मातरम् की गूंज बंगाल को आपकी अराजकता से आजाद करेगी और बंगाल को मुक्ति दिलाएगी। आज की ये यात्रा जो 5,000 किलोमीटर से अधिक की होगी और बंगाल के घर घर तक जाएगी।



## कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प

- सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत, 18 घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है। जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, 'हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।' इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्सों में आग लगा दी। ईधी एम्बुलेंस सर्विस के मुताबिक, 06 शव और 10 घायलों को शुरू में एमटी खान रोड से सिविल अस्पताल कराची ले जाया गया था। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के अधिकारियों ने बाद में कन्फर्म किया कि 18 घायल लोगों के साथ 7 शवों को अस्पताल लाया गया था। अस्पताल अधिकारियों ने कहा कि प्रभावित लोग फायरिंग, लाठीचार्ज और भगदड़ की वजह से घायल हुए। सिविल अस्पताल कराची के ट्रॉमा सेंटर के हेड डॉ. साबिर मेमन के मुताबिक, अब तक 8 शवों को अस्पताल लाया जा चुका हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है। बाद में, गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर पत्थर फेंके और आगे बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग के बाद गोलीबारी शुरू कर दी। सिंध के होम मिनिस्टर ज़ियाउल हसन लंजर ने एडिशनल आईजी कराची से घटना की रिपोर्ट मांगी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाज़त नहीं दी जाएगी। लंजर ने पूरे प्रांत में संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।



## ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद लखनऊ सहित यूपी में कई जगह प्रदर्शन

### उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

**एजेंसी, लखनऊ**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों में शिया समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। लखनऊ में रोती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में छोटा इमामबाड़ा से लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अमेरिका और इजराइल के युद्ध के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे। महिलाएं रोती बिलखते हुए मातम करते हुए दिखीं। छोटा इमामबाड़ा से भारी संख्या में लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकाला। लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अमेरिका-इजराइल ने जो आतंकी कृत्य किया है। पूरे विश्व को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। खामेनेई की मौत के बाद सभी देशों को अपने राष्ट्रीय ध्वजों को श्रद्धांजलि में झुकना चाहिए। शिया समुदाय के लोग तीन दिन का शोक मनाने हुए अपनी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर की गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास की इस घोषणा के बाद बड़ा और छोटा इमामबाड़ा अगले तीन दिन के लिए पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि खामेनेई की मौत पर रविवार रात आठ बजे छोटे इमामबाड़ा में शोकसभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने भारी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की है। इसके अलावा बरेली, जौनपुर, संभल समेत कई जिलों में प्रदर्शन हो रहे हैं। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी मिल्लत इस्लामिया के लिए दुख की बात है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।



## 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का सोमवार को राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी।




## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस पर आरसीओ पोर्टल का किया शुभारंभ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत की अग्रणी संस्था ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में रविवार को अपने 25वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया। इस दौरान बीईई 25 लोगो का अनावरण, बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ किया। विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक कहावत, "इलाज से बेहतर रोकथाम है," का स्मरण करते हुए कहा कि बीईई विद्युत क्षेत्र के लिए एक निवारक संस्था के रूप में कार्य करता है। आज बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की आवश्यकता को कम करने और उत्सर्जन को घटाने में सीधे तौर पर योगदान देती है। ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने देश में ऊर्जा दक्षता पहलों को आगे बढ़ाने में बीईई के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ने 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता में 36 प्रतिशत की कमी की है ।




## होली : इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन की ओर यूपी धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी

- सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत आज भी उसी जीवंतता के साथ आगे बढ़ रही

**एजेंसी, लखनऊ**

इस बार योगी सरकार उत्तर प्रदेश को इंटरनेशनल कल्चरल डेस्टिनेशन बनाने और धार्मिक पर्यटन को विश्व मंच पर उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार होली को फाल्गुनी उत्सव की मूल भावना से जोड़ते हुए ग्लोबल पिलग्रिम फेस्टिवल के रूप में प्रस्तुत करने जा रही है। इससे ऋतु, धर्म, संस्कृति और पर्यटन एकसूत्र में पिरोए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर मनाई जाने वाली होली सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को आज भी उसी जीवंतता से आगे बढ़ा रही है। फाल्गुन का महीना जैसे ही दस्तक देता है, उत्तर भारत की हवाओं में एक अलग ही मादकता घुल जाती है। आम्र-मंजरियों की सुगंध, कोयल की कू, ढोल-मंजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज यह संकेत देती है कि रंगों का महापर्व आ गया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की मानें तो होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है। इसका मूल अर्थ है असत्य पर सत्य की जीत, अहंकार पर भक्ति की विजय और विभाजन पर मिलन का उत्सव। इसी अर्थ को आधार बनाकर इस बार धार्मिक स्थलों की होली को वैश्विक पर्यटन से जोड़ने की योजना है। इसका उद्देश्य होली के आध्यात्मिक संदेश को विश्व मंच तक पहुंचाना और इसे फेस्टिवल ऑफ हार्मनी के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार लक्ष्य केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि ग्लोबल फेथ एंड कल्चर फेस्टिवल की अवधारणा के साथ होली को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है।



# अमेरिका-इज़रायल के कथित संयुक्त ऑपरेशन एपिक फ्यूरी/रोरिंग लायन और ईरान के सर्वोच्च नेता की मृत्यु- पश्चिम एशिया से वैश्विक सुरक्षा तक के प्रभावों का समग्र विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» मध्य पूर्व में विस्फोटक मोड़- ईरान पर अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले,खामेनेई की मृत्यु और वैश्विक भू-राजनीति का नया संकट
» पश्चिम एशिया में शक्ति-संतुलन अत्यंत नाजुक है,एक उच्च- प्रोफ़ाइल लक्षित कार्रवाई पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकती है, आने वाले सप्ताह निर्णायक होंगे -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर रविवार 1 मार्च 2026 को मध्य- पूर्व और विश्व राजनीति में जिस खबर ने भू-राजनीतिक हलचल मचा दी, वह थी अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त हवाई हमले, जिन्हें 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' (शेर की दहाड़) नाम दिया गया,उसने वैश्विक शक्ति संतुलन को झकझोर दिया। इन हमलों में ईरान के सैन्य अड्डों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु की खबर ने पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। यह परिदृश्य तथ्यात्मक रूप से स्थापित हों गया है,यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि एक युगांतकारी राजनीतिक परिवर्तन होगा।इतिहास कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आकर ठहर जाता है जहाँ घटनाएँ केवल क्षेत्रीय नहीं रहतीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता की दिशा बदलने की क्षमता रखती हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आधिकारिक पुष्टि, प्रतिपुष्टि और दावों- प्रतिदावों के बीच यह घटना केवल एक व्यक्ति के निधन का प्रश्न नहीं है;यह पश्चिम एशिया की शक्ति-संतुलन संरचना, इस्लामी जगत की राजनीति,ऊर्जा बाज़ार, समुद्री व्यापार मार्गों,परमाणु प्रसार और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव डालने वाली संभावित भू-राजनीतिक भूकंप रेखा है। ईरान के सर्वोच्च नेता की भूमिका केवल धार्मिक या प्रतीकात्मक नहीं,बल्कि राज्य की सामरिक- राजनीतिक दिशा, क्षेत्रीय नेटवर्क और सुरक्षा सिद्धांत के केंद्र में रही है। इसलिए इस घटना के प्रभावों का आकलन बहु-स्तरीय दृष्टिकोण से करना आवश्यक है।सबसे पहले, पश्चिम एशिया के सामरिक परिदृश्य को समझना होगा। इज़रायल और संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से ईरान की क्षेत्रीय नीति,विशेषकर लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में उसके प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए चुनौती मानते रहे हैं। यदि कथित ऑपरेशन वास्तव में हुआ और उसके परिणामस्वरूप ईरान के सर्वोच्च नेता की मृत्यु हुई,तो यह केवल टारगेटेड स्ट्राइक नहीं बल्कि प्रतिरोध-धुरी के वैचारिक और संगठनात्मक केंद्र पर सीधा प्रहार माना जाएगा। इसका तत्काल प्रभाव ईरान के भीतर राजनीतिक स्थिरता और सत्ता-हस्तांतरण प्रक्रिया पर पड़ेगा। ईरान की संवैधानिक व्यवस्था के तहत विशेषज्ञों की परिषद नए सर्वोच्च नेता का चयन करती है, परंतु संक्रमण काल में अस्थिरता शक्ति-संघर्ष और सुरक्षा बलों की भूमिका निर्णायक हो सकती है। साथियों बात अगर हम अरब देशों और खाड़ी क्षेत्र की प्रतिक्रिया को समझने की करें तो स्वाभाविक रूप से सतर्क और संतुलित रही है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और क़तर जैसे देश पिछले कुछ वर्षों में ईरान के साथ संवाद और तनाव-प्रबंधन की दिशा में कदम बढ़ा रहे थे। वे प्रत्यक्ष युद्ध या व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष से बचना चाहते हैं क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था ऊर्जा निर्यात, वैश्विक निवेश और स्थिरता पर निर्भर है। यदि ईरान में सत्ता-संतुलन अस्थिर होता है या प्रतिशोधी हमलों की श्रृंखला शुरू होती है,तो खाड़ी के तेल-गैस प्रतिष्ठान, समुद्री मार्ग और ड्रोन/मिसाइल हमलों के खतरे में आ सकते हैं। 2019 में सऊदी तेल प्रतिष्ठानों पर हमलों की स्मृति अभी ताज़ा है; इसलिए खाड़ी देश खुली प्रतिक्रिया देने के बजाय बैक-चैनल कूटनीति को प्राथमिकता देंगे।इस्लामी जगत की व्यापक प्रतिक्रिया भी बहुस्तरीय होगी। इस्लामी सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच ईरान को लेकर मतभेद हैं,कुछ देश उसे शिया नेतृत्व के रूप में देखते हैं,कुछ क्षेत्रीय शक्ति- प्रतिस्पर्धी के रूप में। फिर भी किसी संप्रभु देश के सर्वोच्च नेता की लक्षित हत्या का आरोप अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के प्रश्न उठाता है। ओआईसी के मंच पर कड़ी शब्दावली के प्रस्ताव आ सकते हैं,परंतु सामूहिक सैन्यप्रतिक्रिया की संभावना कम है। अधिक संभावना यह है कि सदस्य देश शांति-आह्वान, संयम और संयुक्त राष्ट्र में बहस की दिशा में आगे बढ़ें। साथियों बात अगर हम भारत के लिए इस स्थिति को समझने की करें तो,यह संकट केवलआर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक और मानवीय आयाम भी रखता है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं।संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान और सऊदी अरब में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं।यही कारण है कि भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए




एडवाइजरी जारी कर सतर्कता बरतने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। यह कदम बताता है कि स्थिति केवल सैन्य नहीं बल्कि नागरिक सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुकी है। यदि संघर्ष बढ़ता है, तो भारत को ऑपरेशन राहत जैसे निकासी अभियानों क़ी पुनरावृत्ति करनी पड़ सकती है। तो वहीं शिक्षा क्षेत्र पर भी इस संकट का प्रभाव दिखाई दे रहा है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा मध्य पूर्व के कई देशों में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएँ स्थगित करने का निर्णय इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय अस्थिरता अब नागरिक जीवन के मूल ढांचे को प्रभावित कर रही है। यूएई, कतर और ओमान में हजारों भारतीय छात्र सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में पढ़ते हैं। परीक्षा स्थगन केवल शैक्षणिक निर्णय नहीं, बल्कि सुरक्षा प्राथमिकता का संकेत है। यह बताता है कि संघर्ष का प्रभाव सीमाओं से परेसामाजिक ताने-बाने तक पहुँच चुका है। यह ऊर्जा-आयातक भी हैं और पश्चिम एशिया में बड़े प्रवासी समुदाय रखते हैं, संतुलित कूटनीति आवश्यक होगी। भारत पारंपरिक रूप से सभी पक्षों के साथ संवाद बनाए रखने की नीति अपनाता रहा है। तेल- आपूर्ति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता होगी। एशियाई शक्तियाँ व्यापक युद्ध से बचाव चाहेंगी क्योंकि उनकी आर्थिक वृद्धि वैश्विक स्थिरता पर निर्भर है। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तरपर प्रश्न उठने को समझने की करें तो क्या यह घटना राज्य-प्रायोजित लक्षित हत्या की नई मिसाल बनेगी? यदि यह सिद्ध होता है कि अमेरिका- इज़रायल ने संयुक्त अभियान में ऐसा किया, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय स्थिरता के सिद्धांतों पर व्यापक बहस होगी। यूरोपीय शक्तियाँ जैसे फ्रांस,जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम संयम और कूटनीतिक समाधान पर ज़ोर देंगी। रूस और चीन इस घटना को अमेरिकी-पश्चिमी हस्तक्षेप वाद के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं और ईरान के साथ सामरिक-आर्थिक सहयोग बढ़ाने का अवसर देख सकते हैं। इससे वैश्विक शक्ति-ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है।

साथियों बात अगर हम ऊर्जा बाज़ार पर प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण होगा इसको समझने की करें तो, ईरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य के निकट स्थित है, जहाँ से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। यदि प्रतिशोध में ईरान या उससे संबद्ध समूह इस समुद्री मार्ग को बाधित करने की कोशिश करते हैं, तो तेल की कीमतों में तीव्र उछाल संभव है। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति, विकास दर और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होगी। भारत, चीन, यूरोप और अन्य आयातक देश ऊर्जा-सुरक्षा की वैकल्पिक रणनीतियाँ सक्रिय करेंगे। समुद्री बीमा प्रीमियम बढ़ सकते हैं, नौसैनिक तैनाती बढ़ सकती है और व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है।सुरक्षा दृष्टि से सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या संघर्ष सीमित रहेगा या व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले सकता है। ईरान के पास पारंपरिक सैन्य क्षमताओं के साथ-साथ ड्रोन, मिसाइल और क्षेत्रीय सहयोगी नेटवर्क हैं। लेबनान में, सीरिया में, इराक में और यमन में सक्रिय समूह संभावित प्रतिशोधी कार्रवाई कर सकते हैं। इज़रायल पहले से ही बहु- मोर्चीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करता रहा है; ऐसे में उत्तरी, दक्षिणी और साइबर मोर्चों पर तनाव बढ़ सकता है। अमेरिका की क्षेत्रीय सैन्य उपस्थिति विशेषकर खाड़ी में नौसैनिक ठिकाने,उच्च सतर्कता पर रहेंगे। यदि प्रत्यक्ष अमेरिकी- ईरानी मुठभेड़ होती है, तो यह 2020 में जनरल क़ासिम सुलेमानी की हत्या के बाद के संकट से कहीं अधिक व्यापक हो सकती है। साथियों बात अगर हम यह संघर्ष कब तक चलेगा?इसको समझने की करें तो इस प्रश्न का उत्तर कई कारकों पर निर्भर है। पहला,ईरान के भीतर सत्ता-हस्तांतरण कितना सुचारु होता है। यदि नया नेतृत्व त्वरित और संगठित रूप से उभरता है, तो वह रणनीतिक धैर्य दिखाते हुए सीमित प्रतिशोध याप्रतीकात्मक प्रतिक्रिया के बाद कूटनीतिक मार्ग चुन सकता है।दूसरा, अमेरिका- इज़रायल की रणनीति क्या है?,क्या यह एकबारगी ऑपरेशन था या व्यापक अभियान का हिस्सा? तीसरा, मध्यस्थता की संभावनाएँ, क्या क्षेत्रीय शक्तियाँ या संयुक्त राष्ट्र सक्रिय भूमिका निभाते हैं? चौथा, घरेलू राजनीति—अमेरिका, इज़रायल और ईरान में जनमत और चुनावी गणनाएँ निर्णयों को प्रभावित करेंगी?क्या यह और बढ़ेगा? जोखिम अवश्य है। यदि किसी भी पक्ष की प्रतिक्रिया में नागरिक हताहत बढ़ते हैं या पवित्र स्थलों/रणनीतिक प्रतिष्ठानों पर हमले होते हैं, तो जनभावनाएँ उग्र हो सकती हैं। सोशल मीडिया और सूचना-युद्ध भी तनाव को भड़का सकते हैं। साइबर हमले, वित्तीय प्रतिबंधों की तीव्रता, और प्रॉक्सी संघर्षों का विस्तार ये सभी ग्रे-ज़ोन युद्ध के तत्व हैं जो बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के लंबे समय तक चल सकते हैं। ऐसी स्थिति महीनों या वर्षों तक अस्थिरता बनाए रख सकती है, भले ही पूर्ण-स्तरीय युद्ध न हो। साथियों बात अगर हम इस परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र और प्रमुख शक्तियों की भूमिका निर्णायक है इसको समझने की करें तो, सुरक्षा परिषद में आपात बैठकें, स्वतंत्र जांच की मांग, और युद्धविराम के प्रस्ताव सामने आ सकते हैं। परंतु वीटो- राजनीति के कारण ठोस कार्रवाई कठिन हो सकती है। क्षेत्रीय स्तर पर ओमान, क़तर या तुर्की जैसे देश मध्यस्थता की कोशिश कर सकते हैं। बैक- चैनल संवाद, कैदियों की अदला- बदली, और समुद्री सुरक्षा समझौते तनाव कम करने के सटीक उपकरण बन सकते हैं। वहीं वैचारिक और मनोवैज्ञानिक आयाम भी महत्वपूर्ण हैं। ईरान के भीतर यह घटना शहादत के आख्यान के रूप में प्रस्तुत की जा सकती है, जिससे राष्ट्रीय एकता और प्रतिरोध की भावना मजबूत हो। दूसरी ओर, यदि जनता आर्थिक दबावों और युद्ध-जोखिम से चिंतित है, तो वे स्थिरता और कूटनीति की मांग कर सकते हैं। इज़रायल और अमेरिका में भी सुरक्षा-आधारित तर्क और अंतरराष्ट्रीय कानून- आधारित आलोचना के बीच बहस तेज होगी। यह बहस वैश्विक स्तर पर लक्षित हत्याओं, ड्रोन-युद्ध और संप्रभुता के सिद्धांतों पर नए मानदंड तय कर सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि यह संकट हमें याद दिलाता है कि पश्चिम एशिया में शक्ति- संतुलन अत्यंत नाजुक है। एक उच्च-प्रोफ़ाइल लक्षित कार्रवाई पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकती है। आने वाले सप्ताह निर्णायक होंगे,क्या प्रतिक्रियाएँ सीमित और नियंत्रित रहेंगी, या प्रतिशोध-चक्र तेज होगा। यदि कूटनीति सक्रिय और समन्वित रही, तो यह संकट सीमित अवधि में नियंत्रित हो सकता है। यदि भावनाएँ और रणनीतिक गलत-आकलन हावी हुए, तो यह लंबा, बहु-स्तरीय और वैश्विक प्रभाव वाला संघर्ष बन सकता है।विश्व नेताओं की सतर्क प्रतिक्रियाएँ संकेत देती हैं कि सभी पक्ष जोखिमों से अवगत हैं। ऊर्जा-बाज़ार, समुद्री व्यापार, परमाणु प्रसार, और क्षेत्रीय प्रॉक्सी-नेटवर्क इन सबके कारण यह केवल क्षेत्रीय घटना नहीं, बल्कि वैश्विक सुरक्षा का प्रश्न है। इसलिए आने वाले दिनों में संयम, संवाद और बहुपक्षीय कूटनीति ही वह मार्ग है जो इस संभावित संकट को व्यापक युद्ध में बदलने से रोक सकता है। पश्चिम एशिया की स्थिरता केवल स्थानीय मुद्दा नहीं; यह वैश्विक शांति, आर्थिक संतुलन और अंतरराष्ट्रीय कानून की विश्वसनीयता की कसौटी भी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

# महान देशभक्त क्रान्तिकारी बाबा गुरदित सिंह जी



डॉ.जया शुक्ला



बाबा गुरदित सिंह जी

अगस्त 25, सन् 1860 को पैदा हुए बाबा गुरदित सिंह जी सिंगापुर में बसे एक सम्पन्न भारतीय थे, जो फ़िशरी ( मछली पकड़ने ) का व्यवसाय करते थे। 1857 के युद्ध के बाद आम भारतीयों के हृदय में ब्रिटिश साम्राज्यवाद और ग़ुलामी की मशाल बुझी नहीं थी। यह आग बाबा गुरदित सिंह जी के हृदय में भी जल रही थी। कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका में बहिष्करण कानून लगे थे, जो केवल एशियाई मूल के आप्रवासियों को बाहर रखने के लिए बनाये गये थे। इन क़ानूनों के लागू होने के कारणों में एक प्रमुख कारण भारतीय थे, जिन्हें उनकी स्वतंत्रता की ललक के लिए अंग्रेज़ सदैव संदेह और भय की दृष्टि से देखते थे। पूर्वी भारत में "युगान्तर", "अनुशीलन समिति" जैसे क्रान्तिकारी संगठन उदित थे, जो युवा वर्ग, विशेषकर विद्यार्थी वर्ग की ग़ुलामी से बाहर आनेकी पिपासा को बहुत प्रभावित कर रहे थे। उधर अमरीका के सैन-फ़्रान्सिस्को में प्रवासी भारतीयों ने "पैसिफ़िक कोस्ट हिन्दुस्तान एसोसियेशन" नाम से 15 जुलाई, 1913 को श्री सोहन सिंह भाखना और लाला हरदयाल जी के नेतृत्व में एक संगठन का प्रारंभ किया, जो वास्तव में प्रवासी भारतीयों और विद्यार्थियों को भारत की स्वतंत्रता के लिये संगठित करता था। इसके मुख्यालय का नाम भी "युगान्तर आश्रम" रखा गया। "ग़दर" इनका साप्ताहिक मुखपत्र था, जिस कारण इसका नाम "ग़दर पार्टी" पड़ गया। ग़दर पार्टी का एक कार्यक्रम प्रथम विश्वयुद्ध में लगी भारतीय सेना के सैनिकों को विद्रोही बना कर देश की आज़ादी के काम में लगाना था। ग़दर पार्टी का मूल उद्देश्य ही सशस्त्र क्रान्ति द्वारा आज़ादी लाना था। बाबा गुरदित सिंह जी हॉंगकॉंग में 1814 में सार्वजनिक रूप से ग़दर पार्टी को अपना पूरा समर्थन स्वीकार कर अंग्रेज़ों की नज़र में आ चुके थे। श्री करतार सिंह सराभा, भाई परमानन्द, श्री रासबिहारी बोस जैसे स्वनामधन्य लोग ग़दर पार्टी के नेता थे। भारत के क्रान्तिकारी संगठनों के यह संपर्क में थे। भारतीय क्रान्तिकारियों को हथियारों की आवश्यकता रहती थी। कनाडा के बहिष्करण क़ानूनों के कारण भारतीयों को कनाडा में प्रवास में दिक्कतें हो रही थीं। बाबा गुरदित सिंह ने "कोमागाटा मारू" नामक एक जहाज़ जापान से जनवरी 1914 में किराये पर लिया, जिसे कलकत्ता से वैंकूवर ( कनाडा ) जाना था, ताकि जिन भारतीयों की पिछली यात्राएँ अवरुद्ध हो गई थीं, उनकी यात्रा हो सके। उन बहिष्करण क़ानूनों को जानने के बावजूद, उन्होंने भारत से कनाडा के लिए आव्रजन के लिए दरवाजा खोलने की उम्मीद में, निरंतर यात्रा विनियमन को चुनौती देने के लिए अपने उद्यम को जारी रखा। साथ ही, इस जहाज़ का एक अन्य अप्रकाशित और अहम उद्देश्य था, ग़दर पार्टी से क्रान्तिकारियों और हथियारों को भारतीय क्रान्तिकारी संगठनों तक पहुँचाना। जहाज में पंजाब के 376 लोगों को बैठाकर बाबा 4 अप्रैल 1914 को वैंकूवर, ब्रितानी कोलम्बिया, कनाडा के लिए रवाना हुए और 23 मई को वहां पहुंचे। लेकिन जहाज़ को अंग्रेजों ने समुद्र में रोक दिया, और पूरे 2 महीनों तक रोके रखा। लोग भूख और प्यास से तड़पते रहे। फिर अंग्रेज़ों ने सिर्फ 24 को उतारा और बाकी को जबरदस्ती वापस भेज दिया। जब यह जहाज़ कोलकता के बजबज घाट ( बंगाल ) पहुँचा, तो ब्रिटिश सेना ने इसे रोक दिया। 27 सितंबर 1914 को अंग्रेजों ने अकारण फायरिंग कर दी। इसमें 19 लोगों की मौके पर मौत हो गई। इस घटना ने आज़ादी की लहर को और भी तेज कर दिया था। सन् 1954 की 24 जुलाई को बाबा गुरदित सिंह दिवंगत हो गए। 1990 में पूर्वी बंगाल रेलवे ने बल्लीगंज जंक्शन से बज बज तक 1,676 मिमी (5 फीट 6 इंच) चौड़ी ब्रॉड-गेज रेलवे का निर्माण किया। 2013 में, बज बज स्टेशन का नाम बदलकर "कोमागाटा मारू बज बज स्टेशन" कर दिया गया , जो स्टेशन के पास ब्रिटिश गोलियों का शिकार हुए कोमागाटा मारू घटना के शहीदों की स्मृति में रखा गया था।

# अगर झारखंड और छत्तीसगढ़ की स्थायी राजधानी हो सकती है, तो उत्तराखंड की स्थायी राजधानी गैरसैंण क्यों नहीं हो सकती? - विनोद रतूड़ी, पूर्व आईएएस

लोकतंत्र की शान

उत्तराखंड की स्थायी राजधानी गैरसैंण समिति के प्रमुख, उत्तराखंड सरकार में पूर्व सचिव और आईएएस अधिकारी श्री विनोद प्रसाद रतूड़ी, जो अब गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, ने नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सरकार से इस लंबे समय से लंबित मांग को तत्काल पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 1994 में जब उत्तराखंड अस्तित्व में नहीं था, तब कौशिक आयोग ने जनमत संग्रह के बाद केंद्र सरकार को न केवल अलग उत्तराखंड राज्य के गठन का प्रस्ताव दिया था, बल्कि गैरसैंण को प्रस्तावित उत्तराखंड राज्य की स्थायी राजधानी घोषित करने की भी सिफारिश की थी। रतूड़ी ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में गढ़वाल के सांसद और भगवा पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया था और उनसे पहाड़ी लोगों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने का आग्रह किया गया था। इस मांग में गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने की मांग शामिल थी, जिसके लिए न केवल आंदोलन के तैंतालीस कार्यकर्ताओं ने अपने प्राणों की आहुति दी, बल्कि हमारी महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी जघन्य बलात्कार किए गए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्व आईएएस अधिकारी और स्थायी राजधानी गैरसैंण समिति के नेता विनोद प्रसाद रतूड़ी ने कहा कि वे 8 मार्च से देहरादून में अनिश्चितकालीन रिले अनशन शुरू कर रहे हैं और सरकार के रुख के आधार पर जरूरत पड़ने पर इसे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बदल देंगे।

**देहरादून को अस्थायी और गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने के-** परिणामों पर बोलते हुए विनोद रतूड़ी ने कहा कि देहरादून में अत्यधिक विकास के कारण अत्यधिक भीड़भाड़ हो गई है, जिससे अपराध




दर में वृद्धि, महिलाओं की असुरक्षा, हत्याओं में वृद्धि और अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनने जैसी कई समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। वहीं, गैरसैंण को स्थायी राजधानी न बनाने के कारण बड़े पैमाने पर पलायन हुआ है, जिससे हमारे गांव वीरान हो गए हैं। 3000 से अधिक गांव वीरान हो गए हैं और लगभग पांच हजार स्कूल अचानक बंद हो गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण महिलाएं और बुजुर्ग इलाज न मिलने से मर रहे हैं। विनोद प्रसाद रतूड़ी ने कहा कि ग्रामीण आबादी के शहरों, कस्बों और महानगरों की ओर बढ़ते पलायन को देखते हुए, पहाड़ी क्षेत्रों की विधानसभा सीटों में काफी कमी आ रही है और मैदानी क्षेत्रों की विधानसभा सीटों में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है, जिससे उत्तराखंड के निर्माण का मूल उद्देश्य ही विफल हो रहा है। यदि गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित नहीं किया गया और यह सिलसिला बिना रुके जारी रहा, तो उत्तराखंड में मैदानी क्षेत्रों से मुख्यमंत्री बनेंगे और पहाड़ी क्षेत्रों का विकास पीछे छूट जाएगा। पहले से विकसित और पिछड़े पहाड़ी क्षेत्रों की आर्थिक हिस्सेदारी छीनने वाले मैदानी क्षेत्र ही एकमात्र लाभार्थी होंगे और उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र हमेशा के लिए उपेक्षित हो जाएंगे। विनोद रतूड़ी ने कहा कि सीमावर्ती गांवों, विशेषकर चीन से लगी सीमा पर स्थित गांवों की स्थिति विशेष रूप से भयावह और चिंताजनक है, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जनसंख्या की उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने के आंदोलन के नेता विनोद रतूड़ी ने जोर देकर कहा कि निरंतर पलायन न केवल विकास असंतुलन को दर्शाता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक कमजोरियां भी पैदा करता है। उन्होंने पुरजोर सवाल उठाया कि अगर झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों की स्थायी राजधानी हो सकती है, तो उत्तराखंड इन राज्यों के साथ स्थायी राजधानी के बिना क्यों बना है, जबकि उत्तराखंड के अस्तित्व में आने से पहले ही कौशिक आयोग ने तत्कालीन केंद्र सरकार को गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थायी राजधानी घोषित करने की सिफारिश की थी। विनोद रतूड़ी ने जोर देकर कहा कि उत्तराखंड में सामाजिक-आर्थिक और अवसंरचनात्मक विकास का विकेंद्रीकरण तभी संभव है जब गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह पूरे उत्तराखंड की मांग है, जिसका हर व्यक्ति समर्थन करता है। इसी मांग के लिए बाबा उत्तराखंडी ने सौ दिनों की भूख हड़ताल करके अपना प्राण भी अर्पित किए। विनोद रतूड़ी ने घोषणा की कि उनका संगठन पूरी तरह से गैर-राजनीतिक है और वे 2027 के चुनावों से पहले गैरसैंण को स्थायी राजधानी घोषित करने वालों का समर्थन करेंगे। गौरतलब है कि 2014 में कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान, जब विजय बहुगुणा मुख्यमंत्री थे, उन्होंने भरारिसैन में विधानसभा भवन के निर्माण और अन्य अवसंरचनात्मक विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था, जबकि तत्कालीन राज्यपाल श्रीमती बेबी मौर्य ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया था। श्री विनोद रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखंड पहले से ही 80 हजार करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे से जूझ रहा है और उसके पास आर्थिक विकास का कोई स्रोत नहीं है, इसलिए दो राजधानियों पर करोड़ों रुपये बर्बाद करना हमारी अर्थव्यवस्था को और भी दयनीय बना देगा, जिसे हर कीमत पर टाला जाना चाहिए। दो राजधानियों के बजाय गैरसैंण को एकमात्र स्थायी राजधानी बनाया जाना चाहिए, जिससे जमीनी स्तर पर उत्तराखंड के क्रांतिकारी विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा और हमारे गांवों को उपजाऊ बनाकर ग्रामीण उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को अत्यंत सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। श्री विनोद रतूड़ी के साथ मंच र वरिष्ठ सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद कंडवाल , भुवन जुयाल, जसपाल रावत, दानसिंह मिंगवाल और उमाशंकर कुकरेती उपस्थित थे।

# अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को घसीटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कड़ी आलोचना की



SUNIL NEGI

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान के विभिन्न स्थानों पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद हुई मौत से ईरानी जनता सदमे में है, लेकिन इंग्लैंड में ईरानी लोग उनकी मौत का जश्न मना रहे हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, अयातुल्ला खामेनेई, उनकी बेटी, दामाद और दो पोते-पोतियों की अमेरिकी मिसाइल हमले में मौत हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत के बाद, सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान में सत्ता की बागडोर कौन संभालेगा? ईरानी संविधान के "विलायत-ए-फकीह" सिद्धांत के अनुसार, सर्वोच्च नेता का पद केवल एक प्रतिष्ठित धार्मिक विद्वान (मौलवी) के पास हो सकता है। इस दृष्टिकोण से, ईरान के इस्लामी गणराज्य के सर्वोच्च नेता के रूप में खामेनेई के उत्तराधिकारी उनके बेटे, मोजतबा खामेनेई, या ईरान के संस्थापक अयातुल्ला खामेनेई मूसावी के पोते हसन खामेनेई हो सकते हैं। ईरान के विभिन्न प्रांतों में खमेनी और उनके शासन के विरोधियों में से पच्चीस प्रतिशत लोग भी सर्वोच्च नेता की मृत्यु का जश्न मना रहे हैं। ईरान, जिसने पहले अपने सर्वोच्च नेता की मृत्यु की खबरों का खंडन किया था, अब इसकी पुष्टि कर चुका है। समाचार प्रसारित करने वाले लोग टेलीविजन चैनलों पर उनकी मृत्यु की घोषणा करते हुए रो रहे थे। 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता का निधन तड़के उनके कार्यालय परिसर में हुआ। इज़राइल और अमेरिका के मिसाइल हमलों में ईरान के रक्षा प्रमुख भी मारे गए। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खमेनी की मृत्यु की खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक की मृत्यु हो गई है। उन्होंने कहा कि खमेनी की मृत्यु ने न केवल ईरानी जनता को राहत दी है, बल्कि यह महान अमेरिकियों और दुनिया भर के उन देशों के लिए भी अच्छी खबर है, जिनके लोगों को खमेनी और उनके खूनी गुंडों ने बेरहमी से प्रताड़ित किया था। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वे अपनी खुफिया एजेंसियों और अत्याधुनिक ट्रैकिंग सिस्टम से बच नहीं पाए, जिनमें इज़राइल के साथ घनिष्ठ संपर्क भी शामिल था। वे या उनके साथ मारे गए अन्य नेता कुछ भी नहीं कर सकते थे। ईरानियों से अपील करते हुए कि वे ईरान में क्रांतिकारी बदलाव लाने और उसे पुराने युग में वापस ले जाने के इस अवसर का लाभ उठाएं, श्री ट्रम्प ने कहाः "ईरानी लोगों के लिए अपने देश को वापस लेने का यह सबसे बड़ा मौका है। हमें सुनने में आया है कि उनके कई आईआरजीसी, सैन्य और अन्य सुरक्षा एवं पुलिस बल अब लड़ना नहीं चाहते और हमसे छूट चाहते हैं। जैसा कि मैंने कल रात




कहा था, 'अभी उन्हें छूट मिल सकती है, बाद में उन्हें केवल मौत मिलेगी!' उम्मीद है कि आईआरजीसी और पुलिस शांतिपूर्वक ईरानी देशभक्तों के साथ विलय कर लेंगे और देश को उसके योग्य गौरव तक वापस लाने के लिए एक इकाई के रूप में मिलकर काम करेंगे।" वह प्रक्रिया जल्द ही शुरू होनी चाहिए, क्योंकि खामेनेई की मृत्यु के साथ-साथ देश भी एक ही दिन में बुरी तरह तबाह और लगभग मिट चुका है। हालांकि, भारी और सटीक बमबारी पूरे सप्ताह या मध्य पूर्व और वास्तव में पूरी दुनिया में शांति स्थापित करने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जब तक आवश्यक हो, तब तक निर्बाध रूप से जारी रहेगी! डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।" इस बीच, अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए उन पर जनता की इच्छा के विरुद्ध उन्हें जबरन युद्ध में धकेलने का आरोप लगाया। ईरान पर हमले को अमेरिकी जनता के साथ एक खतरा और अनावश्यक जुआ बताते हुए कमला हैरिस ने कहा कि युद्ध क्षेत्र की स्थिरता और विश्व में हमारी साख को खतरे में डालता है। हम जो देख रहे हैं वह ताकत नहीं है। यह संकल्प के आवरण में लिपटी हुई लापरवाही है। मैं ईरान से उत्पन्न खतरे को जानती हूँ, और उन्हें कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन इस खतरे को खत्म करने का यह तरीका नहीं है। कमला हैरिस ने जोर देते हुए अपने बॉस डोनाल्ड ट्रम्प को याद दिलाया कि चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध शुरू करने के बजाय उन्हें समाप्त करने का वादा किया था। यह झूठ था। फिर पिछले साल उन्होंने कहा कि हमने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को "पूरी तरह नष्ट" कर दिया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने जोर देकर कहा कि यह भी झूठ था। एक्स पर पोस्ट किए गए एक विस्तृत बयान में कमला हैरिस ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति की युद्धोपरांत कार्रवाइयों का कड़ा विरोध करते हुए लिखाः डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में घसीट रहे हैं जिसे अमेरिकी जनता नहीं चाहती। मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूंः मैं ईरान में सत्ता परिवर्तन के लिए छेड़े गए युद्ध के खिलाफ हूं, और ट्रंप की इस मनचाही जंग के लिए हमारे सैनिकों को खतरे में डाला जा रहा है। यह अमेरिकी नागरिकों के जीवन के साथ एक खतरनाक और अनावश्यक जुआ है जो क्षेत्र में स्थिरता और विश्व में हमारी साख को भी खतरे में डालता है। हम जो देख रहे हैं वह ताकत नहीं है। यह संकल्प के आवरण में लिपटी हुई लापरवाही है। मैं ईरान से उत्पन्न खतरे को जानती हूं, और उन्हें कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन इस खतरे को खत्म करने का यह तरीका नहीं है। चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध शुरू करने के बजाय उन्हें समाप्त करने का वादा किया था। यह झूठ था। फिर पिछले साल उन्होंने कहा कि हमने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। यह भी झूठ था। ईरान और इज़राइल के बीच स्थिति पहले से ही बेहद तनावपूर्ण है, और अमेरिका द्वारा उत्तर कोरिया पर लगातार हमले जारी रहने से उत्तर कोरिया युद्ध में कूदने को तैयार है और चीन और रूस को ईरान की तत्काल सहायता करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया एक बार फिर विश्व युद्ध की भयावहता का सामना कर सकती है।




# न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने ग्रुप-2 के टॉप पर फिनिश किया

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका (Q) | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (E) | 2 | 0 | 2 | 0 | -4.475 |

कोलंबो (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार रात को पाकिस्तान ने श्रीलंका पर 5 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन, टीम इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ टॉप-4 में जगह बनाई। जबकि, पाकिस्तान ने सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही। अपने तीनों सुपर-8 मैच जीतने वाला इंग्लैंड इस ग्रुप के टॉप पर रहा है। रविवार को शाम 7 बजे से भारत-वेस्टइंडीज में आखिरी सुपर-8 मैच खेला जाना है। इससे चौथी टीम तय होगी।

### वर्ल्डकप का समीकरण

**ग्रुप-1- एसए टॉप-4 में** - साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 चरण में लगातार दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे लगातार दो हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत के बाद भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास सुपर-8 में एक-एक जीत और एक-एक हार है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच 1 मार्च को शाम 7 बजे कोलकाता में होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

**ग्रुप-2ः इंग्लैंड पहले, न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा** - ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इंग्लैंड ने सुपर-8 चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम ने सुपर-8 में एक मैच जीता, एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट 1.390 रहा। पाकिस्तान के भी तीन मैचों के बाद 3 अंक थे। टीम ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन उसका नेट रनरेट -0.123 रहा। इसी कारण बेहतर रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप-1 की शीर्ष टीम साउथ अफ्रीका से 4 मार्च को कोलकाता में होगा।

# हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

## भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया

होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी एक दिवसीय मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटेंगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है।



### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

### भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं




**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** - ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

## ● सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर भी बने; वर्ल्डकप से बाहर होने पर अबरार रोए

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार को श्रीलंका को 5 रन से हरा दिया। पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद भी पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। इससे निराश होकर अबरार अहमद मैदान पर ही रोने लगे। कप्तान सलमान अली आगा भी निराश दिखे। वहीं, हार के बाद श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका भी निराश नजर आए। उन्होंने आखिरी ओवर में 3 छक्के और एक चौके के सहारे 22 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**शनाका के सिंगल से पाक टूर्नामेंट से बाहर** - दसुन शनाका ने 16वें ओवर में उस्मान तारिक की 5वीं गेंद पर सिंगल लिया। इस एक रन के साथ ही पाकिस्तान का इस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुचने के लिए 213 रन चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। शनाका ने तारिक की बॉल को बैकफुट से पुश किया और दौड़कर 1 रन हासिल किया। इसी एक रन से श्रीलंकाई टीम ने 148वां रन बनाया और पाकिस्तान बाहर हो गया।

### हार से निराश दिखे कप्तान शनाका

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने 31 गेंद पर 76 रनों की पारी की बदौलत एक हारे हुए मैच में श्रीलंका को लगभग जीत दिला दी थी। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 28 रन बनाने थे। शनाका ने पहली 4 गेंदों पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 22 रन बना लिए थे, लेकिन आखिरी की दो गेंद डॉट कर गए और टीम 5 रन से मैच हार गई। हार के बाद शनाका काफी निराश नजर




### अबरार वर्ल्डकप से बाहर होने पर रोए

पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से बाहर होने पर अबरार रोते हुए नजर आए। शनाका ने जैसे ही 16वें ओवर में सिंगल लिया, अबरार रो पड़े। उन्होंने अपनी आखें बंद कर उसे दोनों हाथों से ढंक लिया था।

### फरहान एक टी-20 वर्ल्डकप के टॉप स्कोरर

पाकिस्तान के ओपनिंग बैट्समैन साहिबाजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ सेंचुरी लगाते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड था। विराट ने टी-20 वर्ल्ड कप 2014 में 6 पारियों में 319 रन बनाए थे। फरहान ने 6 पारियों में 383 रन बनाते हुए यह रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है।



# एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा, होली से पहले लगा झटका, मार्च ट्रेंड नहीं बदला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** होली से पहले 1 मार्च को एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के रेट अपडेट हो गए हैं। उपभोक्ताओं को होली से पहले ही महंगाई का झटका लगा है। कॉमर्शियल एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर के उपभोक्ताओं को दिल्ली से पटना तक करीब 28 से 31 रुपये का झटका लगा है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत कि बात यह है कि 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉमर्शियल सिलेंडर का मार्च ट्रेंड नहीं बदला। इस बार मार्च ने झटका दे ही दिया। दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर आज से 1768.50 पर मिलेगा। इससे पहले 1740.50 में मिल रहा था। कोलकाता में पहले 1844.50 रुपये का था और अब 1875.50 रुपये का हो गया है। मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर 1692 रुपये की जगह आज से 1720 रुपये में मिलेगा। चेन्नई में अब आज से कॉमर्शियल सिलेंडर 1929 रुपये में मिलेगा। पहले यह 1899.50 रुपये का था। आज 14.2 किग्रा वाला घरेलू सिलेंडर दिल्ली में 853 में मिल रहा है। जबकि, पटना में इसकी कीमत 951 है। मुंबई में 852.50 और लखनऊ में 890.50 में मिल रहा है। कारगिल में 985.5, पुलवामा में 969, बागेश्वर में 890.5 का है। पिछले 5 सालों के आंकड़े बताते हैं कि मार्च का महीना एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए अक्सर महंगाई लेकर आया है।

# ईपीएफओ का सीबीटी इस साल 8.25 फीसदी ब्याज देने की सिफारिश कर सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईपीएफओ के 31 करोड़ सब्सक्राइबर्स के लिए अहम खबर है। ईपीएफओ का सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) इस साल 8.2 से 8.25 फीसदी ब्याज देने की सिफारिश कर सकता है। स्टॉक मार्केट रिटर्न और बॉन्ड यील्ड में कमी और ज्यादा दावों के सेटलमेंट के कारण ऐसा किया गया है। पिछले साल यह दर 8.25 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2024 में इसे बढ़ाकर 8.25 फीसदी किया गया था। उससे पहले 2023 में 8.15 फीसदी और 2022 में 8.1 फीसदी ब्याज दिया गया था जो चार दशक में सबसे कम था। सीबीटी की सोमवार को बैठक होने वाली है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक सीबीटी के एक सदस्य ने कहा कि दुनिया भर में उथलपुथल के कारण इस साल स्टॉक मार्केट्स और इक्विटीज ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। ईपीएफओ का ज्यादातर पैसा सरकारी बॉन्ड में लगा है लेकिन वहां भी यील्ड अच्छा नहीं रहा है।



इसलिए इनकम कम होने की संभावना है। बोर्ड की इनवेस्टमेंट कमेटी की भी सोमवार को सीबीटी की बैठक से पहले मीटिंग होगी। इसमें ईपीएफओ के इनकम और खर्च प्रोफाइल पर चर्चा की जाएगी और इंटरेस्ट रेट पर फैसला लिया जाएगा। सीबीटी की बैठक की अध्यक्षता लेबर मिनिस्टर मनसुख मांडविया करेंगे। सीबीटी से अप्रूवल मिलने के बाद इंटरेस्ट रेट को फाइनेंस मिनिस्ट्री से भी मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद इसे अगले फाइनेंशियल ईयर के मध्य में सब्सक्राइबर्स के खातों में डाला जाएगा। आरबीआई ने हाल के महीनों में रेपो रेट में कटौती की है जबकि सरकार ने छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया है।

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

नईदिल्ली, एजेंसी। मध्यपूर्व में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। सैन्य कार्रवाई किए जाने के बाद हालात तेजी से बिगड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल पर मिसाइल हमले किए हैं। इस घटनाक्रम ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है और निवेशकों की चिंता गहरा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2 मार्च को दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों—अमेरिका, भारत और एशियाई बाजारों—में तेज गिरावट देखने को मिल सकती है। वेल्थमिल सिक्योरिटीज के इक्विटी स्ट्रेटेजिस्ट क्रांति बाथिनी के अनुसार, जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तेज हो जाती है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है। फिलहाल निवेशकों की नजर इस बात पर टिकी है कि यह सीमित सैन्य टकराव है या लंबा खिंचने वाला युद्ध। इस तनाव का सबसे तात्कालिक असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। ब्रेंट क्रूड में करीब 3 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है और कीमत लगभग 67 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। तेल की कीमतों में उछाल से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और सरकार की वित्तीय स्थिति पर दबाव आ सकता है।

# इजरायल-अमेरिका तनाव की वजह से फिर से बढ़ेंगे दाम

## ● 1.70 लाख तक सोना, 3 लाख की चांदी! ● सोमवार को तेजी के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया है। इजरायल के रक्षामंत्री ने इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले पर ईरान की भी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। ईरान ने कहा है कि वो जोरदार जवाब देंगे। ईरान की प्रतिक्रिया जिस तरह से सामने आई है उससे एक बात तो साफ है कि यह तनाव शायद ही जल्द समाप्त हो जाए। ऐसे में अगर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर भी दिखेगा। आने वाले समय में गोल्ड और सिल्वर के दाम इजाफा देखने को मिल सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि घरेलू बाजार में सोने का भाव 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक पहुंच सकती है। सेबी रजिस्टर्ड मार्केट एक्सपर्ट अनुज गुप्ता कहते हैं,



अमेरिका-ईरान तनाव की वजह से अनिश्चितता के दौर में इजाफा होगा। निवेशक ऐसी परस्थिति में सुरक्षित निवेश की तलाश करेंगे। हम सोने और चांदी की कीमतों में तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। अनुज गुप्ता कहते हैं, कोमेक्स गोल्ड रेट 5300 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके ऊपर जाने पर भारत में सोने का भाव 168000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा सकता है। शुक्रवार को कोमेक्स सिल्वर रेट 93 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रही हैं। एक्सपर्ट अनुज गुप्ता कहते हैं, अगर सिल्वर रेट 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर को क्रॉस करने में सफल रही तब यह फिर से 100 डॉलर प्रति आउंस के स्तर तक पहुंच सकती है। भारत में चांदी की कीमतें फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक जा सकता है। हालिया समय में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिली है। हालांकि, उस हिसाब से फरवरी का महीना नहीं बीता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)